दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली सोमवार 18 मई -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 145 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## दिल्ली-एनसीआर में फिर 'फटा' सीएनजी 'बम', एक रुपये बढ़ा दाम

### 48 घंटे में कुल 3 रुपये की बढ़ोतरी से आम आदमी परेशान




**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर के आम नागरिकों और वाहन चालकों के लिए महंगाई का एक और बड़ा झटका लगा है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने रविवार को कंप्रेस्ड नेचुरल गैस की कीमतों में 1 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी कर दी है। पिछले 48 घंटों के भीतर सीएनजी की कीमतों में यह लगातार दूसरी वृद्धि है, जिससे दिल्ली में सीएनजी के दाम पहली बार 80 रुपये के पार चले गए हैं।

इससे पहले बीते शुक्रवार (15 मई) को भी आईजीएल ने सीएनजी की कीमतों में 2 रुपये प्रति किलोग्राम का इजाफा किया था, जिससे दिल्ली में इसकी कीमत बढ़कर 79.09 रुपये हो गई थी। अब रविवार को हुई 1 रुपये की और बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में सीएनजी का रेट 80 रुपये के स्तर को पार कर गया है।

15 मई को केंद्र सरकार ने देश भर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी बड़ी बढ़ोतरी की थी। सरकार ने पेट्रोल और डीजल दोनों के दामों में करीब 3 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया था।

इस बढ़ोतरी के बाद देश की राजधानी दिल्ली में फिलहाल पेट्रोल का रेट 97.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल का रेट 90.67 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है।

## 15.5 लाख मीट्रिक टन लीगेसी वेस्ट हटाकर नगर निगम ने बदली शहर की तस्वीर

### विकसित हो रहे अर्बन फॉरेस्ट, गाजियाबाद में स्वच्छता क्रांति का नया अध्याय चालू

**ऐतिहासिक कार्य**

**इस बड़े अभियान के बाद लगभग 1.93 लाख वर्गमीटर भूमि को दोबारा उपयोग योग्य बनाया गया है**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम ने पिछले एक वर्ष में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य करते हुए शहर में जमा 15.5 लाख से अधिक मीट्रिक टन लीगेसी वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया है। इस बड़े अभियान के बाद लगभग 1.93 लाख वर्गमीटर भूमि को दोबारा उपयोग योग्य बनाया गया है, जिससे शहर के कई क्षेत्रों में नई विकास योजनाओं और हरित परियोजनाओं का रास्ता साफ हुआ है। नगर निगम द्वारा खाली कराई गई भूमि के कई हिस्सों में अब मियावाकी पद्धति पर आधारित अर्बन फॉरेस्ट विकसित किए जा रहे हैं। घने और तेजी से विकसित होने वाले ये शहरी वन आने वाले समय में गाजियाबाद के पर्यावरण संतुलन को मजबूत करेंगे। इससे न केवल हरियाली बढ़ेगी, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया है कि स्वच्छता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नगर निगम ने शहर की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को आधुनिक रूप दिया है। निगम द्वारा दो ग्रीनफील्ड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट विकसित किए गए हैं, जिनमें एक प्लांट पूरी तरह चालू हो चुका है जबकि दूसरा अंतिम चरण में पहुंच चुका है। इन परियोजनाओं के पूर्ण संचालन में आने के बाद शहर की कूड़ा प्रसंस्करण क्षमता लगभग दोगुनी हो जाएगी।




इसी कड़ी में हाल ही में पांचवें स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन भी किया गया है। इसके साथ ही अब गाजियाबाद नगर निगम के सभी पांचों जोन स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशनों से जुड़ चुके हैं। इससे कूड़ा संग्रहण, परिवहन और निस्तारण प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक तेज, व्यवस्थित और तकनीकी रूप से सक्षम हो गई है। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि यह केवल सफाई अभियान नहीं, बल्कि गाजियाबाद को स्वच्छ, हरित और आधुनिक शहर बनाने की दीर्घकालिक योजना का हिस्सा है। शहर में चल रहे ये प्रयास भविष्य में गाजियाबाद को देश के अग्रणी स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल शहरों की श्रेणी में खड़ा करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे।

## सुल्लामल रामलीला कमेटी में बज गयी चुनाव की रणभेरी

### एक पैनल ने कर दिया एलान, अब होगी चुनाव की तारीख जारी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सबसे पुरानी रामलीला में दो महाभारत हमेशा चलती है। एक महाभारत पूरे सालभर हिसाब मांगने को होती है और दूसरी चुनाव को लेकर होती है। पहली महाभारत में कोई व्हाटसअप ग्रुप पर हिसाब मांगता है, कोई आरटीआई से हिसाब मांगता है। लेकिन यहां पर ये भी तथ्य है कि जब कमेटी वाले हिसाब देते हैं तो हिसाब मांगने वालों को क्यों नहीं बुलाते। रविवार को चांट, कुल्फी के चटकारों के बीच पूरा हिसाब दे दिया गया। सबने तालियां बजाईं और फिर मौजूदा कमेटी ने अपने पैनल का एलान कर दिया। हालाकि अभी चुनाव की तारीख तय नहीं हुई है लेकिन बताया ये गया है कि चुनाव की तारीख भी तय कर ली जायेगी। रविवार को सुल्लामल रामलीला कमेटी के दफ्तर में एक बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में 40 प्रमुख लोग बुलाये गये थे। बैठक में रामलीला कमेटी ने पिछले वर्ष में कराये गये काम और खर्च किये गये धन का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। 40 लोगों ने ताली बजाकर इस हिसाब किताब को स्वीकार किया। इस दौरान उस्ताद अशोक गोयल, पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार वीरो बाबा, पूर्व अध्यक्ष सुभाष चंद गुप्ता, खलीफा ज्ञान प्रकाश गोयल, राजेन्द्र मित्तल मैदी वाले, विजय कुमार मैदी वाले, देवेन्द्र मित्तल मैदी वाले, आलोक कुमार बंटी, विनय सिंघल, कुलदीप मित्तल, राकेश स्वामी, राजेश बंसल, संदीप मित्तल, दिनेश शर्मा बब्बे, सुनील गुप्ता, आनंद गर्ग, सुनील कुमार शेरू, मोहित मित्तल, शिवांग गर्ग सहित प्रमुख लोग मौजूद रहे।

#### और इस तरह घोषित हो गया कमेटी के चुनाव का पहला पैनल

करंट क्राइम। 40 लोग और 52 प्रमुख उपलब्धियां बताने के बाद फिर वो घड़ी आयी जिसके लिए सब इक्टटा हुए। समिति ने कोई भी सदस्य रिप्लेस नहीं किया और यही पैनल चुनाव में उतरेगा इसमें अजय बंसल अध्यक्ष , सुधीर गोयल मोनू कोषाध्यक्ष , नरेश अग्रवाल महामंत्री, हिंडन एयरपोर्ट सलाहकार समिति के सदस्य संजीव मित्तल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चार बार कोषाध्यक्ष रह चुके अनिल चौधरी कनिष्ठ उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ेगे और वो पिछले साल भी कनिष्ठ उपाध्यक्ष का चुनाव लड़े थे। कोषाध्यक्ष का चुनाव लड़ने का एलान करने वाले प्रदीप मित्तल ने मंत्री पद पर चुनाव लड़ना स्वीकार किया। लेखा परीक्षक रविन्द्र मित्तल भी इस पैनल में शामिल हैं।

#### पिलखुआ का मिल्क और मोहित की आईस्क्रीम का लिया सबने स्वाद

करंट क्राइम। रामलीला कमेटी हिसाब दे रही थी और हिसाब देने के दौरान उन्होंने स्वाद का विशेष ध्यान रखा। यहां पर सदस्यों के लिए पिलखुआ से विशेष दूध की बोतल मंगाई गयी थी। मोहित मित्तल की आईस्क्रीम का स्वाद था, गोलगप्पे थे, चाट थी।

#### हमारे पास नहीं आया है डिप्टी रजिस्ट्रार के यहां से कोई लैटर : अजय बंसल



करंट क्राइम। 28 फरवरी को रामलीला कमेटी कालातीत हो गयी। कालातीत होने के बाद कमेटी को चुनाव कराने काकोई अधिकार नहीं होता। ईधर कमेटी ने चुनाव का एलान किया और चुनाव के अधिकरी के रूप में शरद गर्ग और सह चुनाव अधिकारी वीरो बाबा को नियुक्त कर दिया। इसके बाद सदस्यता नवीनीकरण का काम शुरू हुआ और सह चुनाव अधिकारी ने ही सदस्यों की रसीद काट दी। दर्जनों रसीदें हैं जिस पर वीरो बाबा के हस्ताक्षर हैं। इसके बाद नामांकन का दिन आया तो अचानक चुनाव अधिकारी ने ये नोटिस चस्पा कर दिया कि नामांकन परिक्रिया अपिहार्य कारणों से स्थिगित की जाती है। रविार को फिर पैनल घोषित होगया। करंट क्राइम ने अध्यक्ष अजय बंसल से बात की तो उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से चुनाव होगा। हमने अपना पैनल घोषित किया है। डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा चुनाव अधिकारी के रूप में जिला कुष्ट अधिकारी को नियुक्त करने और चुनाव की प्रक्रिया के सवाल पर अध्यक्ष अजय बंसल ने कहा कि हमारे पास ना कोई लैटर आया और ना ही कोई व्यक्ति खुद को चुनाव अधिकारी बताते हुए हमारे पास आया है।हमें कोई लैटर भी नहीं मिला है हम जल्द ही चुनाव की तारीख तय करेंगे और डिप्टी रजिस्ट्रार को भी जवाब भेजेंगे।

#### चुनाव तो हर हाल में होगा ही होगा : मुनिन्दर आर्य



करंट क्राइम। तेजी से चर्चा ये चल पड़ी है कि रामलीला का एक गुट चुनाव नहीं चाहता है। यहां कोई सहमति वाला समीकरण बन रहाहै। आशंका जताई जा रही है कि वो चुनाव प्रकिया को कानूनी दांव पेंच में उलझाकर इसी प्रिक्रिया को पदों पर काबिज करने के मूड में है। रविवार को इस बैठक में एक गुट के लोग थे और दूसरे गुट को सूचना नहीं थी। ऐसे में ये सवाल खड़ा हो गया कि क्या चुनाव होगाया फिर इसे टाला जायेगा। इस पूरे मामले को प्रमुखता से उठाने वाले तथा रामलीला कमेटी के पूर्व पदाधिकारी और पूर्व पार्षद मुनिन्दर आर्य ने कहा कि दूसरा पैनल भी आयेगा और भले ही निर्विरोध भी कोई घोषित हो जाये तो भी चुनाव की प्रक्रिया पूरी करनी पड़ेगी। चुनाव को होगा ही होगा। यहां पर सवाल अब ये भी उठ रहा है कि क्या पिछ्ले वर्ष चुनाव में उतरने वाले विनय सिंघल,सुमित गर्ग जैसे चेहरे भी फिर से चुनाव में आयेंगे या उन्हें चुनाव लड़ने का मौका ही नहीं दिया जायेगा।

## प्रदेश के बेस्ट थानों में शामिल हो रहे गाजियाबाद कमिश्नरेट के थाने

### आईएसओ प्रमाण पत्र, हाईटेक सुविधाएं, कैफेटेरिया और सौंदर्यीकरण से बदल रही पुलिसिंग की तस्वीर



**बदलती पुलिसिंग**

**पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कई थाने अब प्रदेश के मॉडल और हाईटेक थानों की श्रेणी में**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद गाजियाबाद पुलिस के थानों, चौकियों, कार्यालयों और पुलिस लाइन की तस्वीर तेजी से बदल रही हैं।

अब केवल अपराध नियंत्रण ही नहीं, बल्कि थानों की कार्यप्रणाली, स्वच्छता, आधुनिक सुविधाएं, तकनीकी व्यवस्था और नागरिकों के लिए बेहतर माहौल तैयार करने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यही कारण है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कई थाने अब प्रदेश के मॉडल और हाईटेक थानों की श्रेणी में अपनी मजबूत पहचान बना रहे हैं। बता दें कि हाल ही में कमिश्नरेट के पांच प्रमुख थानों जिसमें कवि नगर थाना, लिंक रोड थाना, शालीमार गार्डन थाना, साहिबाबाद और घंटाघर कोतवाली को आईएसओ प्रमाणन मिलने के बाद पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं की व्यापक चर्चा हो रही है।

अधिकारियों का मानना है कि आने वाले समय में कई अन्य थाने भी इस श्रेणी में शामिल किए जाएंगे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार कमिश्नरेट गाजियाबाद को प्रदेश के सबसे आधुनिक और नागरिक केंद्रित पुलिस तंत्र के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

अपराध नियंत्रण के साथ-साथ अब पुलिसिंग का फोकस स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, संवेदनशील व्यवहार और तकनीकी दक्षता पर भी है। आईएसओ प्रमाणन मिलने के बाद पुलिस विभाग का उत्साह और बढ़ा है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में कमिश्नरेट के कई और थाने आधुनिक सुविधाओं और उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के आधार पर प्रदेश के श्रेष्ठ थानों की सूची में शामिल हो सकते हैं।




#### सांसद अतुल गर्ग ने कहा, इच्छाशक्ति मजबूत हो तो व्यवस्थाओं में व्यापक बदलाव संभव है



गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर द्वारा शुरू किया गया यह अभिनव, सराहनीय और प्रेरणादायक पहल वास्तव में प्रशंसा की पात्र है। जनहित और बेहतर पुलिस व्यवस्था को केंद्र में रखकर किए जा रहे ऐसे प्रयास प्रशासनिक कार्यशैली में सकारात्मक परिवर्तन का संदेश देते हैं। आज आवश्यकता केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने की नहीं, बल्कि जनता के बीच विश्वास, सुरक्षा और संवेदनशील प्रशासन की भावना को मजबूत करने की भी है। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट जिस प्रकार आधुनिक सोच, स्वच्छ व्यवस्था, जनसुविधाओं और सकारात्मक पुलिसिंग के नए आयाम स्थापित कर रहा है, वह निश्चित रूप से पूरे प्रदेश के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बन रहा है। ऐसी पहलें यह साबित करती हैं कि यदि प्रशासनिक इच्छाशक्ति मजबूत हो तो व्यवस्थाओं में व्यापक बदलाव संभव है। इससे न केवल पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा, बल्कि समाज में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण भी और अधिक सुदृढ़ होगा। मैं गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर एवं उनकी पूरी टीम को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए हार्दिक बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित से जुड़े नवाचार निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे।



#### बदलता बुनियादी ढांचा, सुदृढ़ होती सुरक्षा

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के नेतृत्व में कमिश्नरेट क्षेत्र के थानों, चौकियों और प्रशासनिक भवनों का व्यापक स्तर पर जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। पुराने भवनों को आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है, वहीं कई परिसरों में सौंदर्यीकरण, हरित क्षेत्र विकास, डिजिटल मॉनिटरिंग और स्मार्ट पुलिसिंग की सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं। इसके साथ ही थानों में आने वाले फरियादियों, विशेषकर महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों के लिए सुविधायुक्त विजिटर्स रूम तैयार किए गए हैं। मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, साइबर सेल, डिजिटल रिकॉर्ड रूम और ऑनलाइन शिकायत निस्तारण जैसी व्यवस्थाएं पुलिसिंग को अधिक संवेदनशील और प्रभावी बना रही हैं।

#### आधुनिकता के साथ विकसित हो रहे थाना परिसर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कई थाना परिसरों को आधुनिक और आकर्षक रूप दिया जा रहा है। लिंक रोड थाना में भव्य सौंदर्यीकरण कार्य कराया गया है, जहां परिसर में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा स्थापित की गई है। विजयनगर थाना में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित किए जाने की तैयारी चल रही है। थाना परिसर को हरियाली, पार्क और आधुनिक डिजाइन के साथ विकसित किया जा रहा है।कवि नगर थाना को डिजिटल और व्यवस्थित पुलिसिंग मॉडल के रूप में विकसित किया गया है। साहिबाबाद थाना और शालीमार गार्डन थाना में आधुनिक स्वागत कक्ष, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और साफ-सुथरे परिसर नागरिकों को बेहतर





#### कैफेटेरिया, गार्डन और वॉटर फाउंटेन बने आकर्षण

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों के लिए बेहतर कार्य वातावरण तैयार करने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में कई परिसरों में कैफेटेरिया, गार्डन और आकर्षक संरचनाएं विकसित की गई हैं। क्राइम ब्रांच कार्यालय में आधुनिक कैफेटेरिया बनाया गया है, जहां पुलिसकर्मियों के लिए बेहतर बैठने और कार्य वातावरण की व्यवस्था की गई है। इसी परिसर में आकर्षक वॉटर फाउंटेन भी लगाया गया है, जो पूरे परिसर की सुंदरता को नई पहचान दे रहा है। इसके साथ ही पुलिस ऑफिस परिसर में भी आधुनिक कैफेटेरिया तैयार किया गया है, जिससे कर्मचारियों और अधिकारियों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। कई थाना परिसरों में हरित उद्यान, बैठने की व्यवस्था, सजावटी पौधे और आकर्षक लाइटिंग लगाई गई है, जिससे पुलिस परिसर अब कॉर्पोरेट कार्यालयों जैसी आधुनिक छवि प्रस्तुत कर रहे हैं।

#### घंटाघर कोतवाली में बन रहा आधुनिक मैस

करंट क्राइम : घंटाघर कोतवाली में आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया मैस तैयार किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार यह मैस आधुनिक किचन, स्वच्छ भोजन व्यवस्था और बेहतर बैठने की सुविधाओं से लैस होगा, जिससे पुलिसकर्मियों को बेहतर वातावरण मिल सकेगा। सिर्फ थाने ही नहीं, बल्कि पुलिस लाइन, कमिश्नर कार्यालय और अन्य प्रशासनिक भवनों में भी बड़े स्तर पर बदलाव देखने को मिल रहे हैं। आधुनिक बैरक, बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं, साफ-सुथरे कार्यालय, हरित परिसर और अनुशासित कार्य वातावरण तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है। सीपी जे रविंदर गौड का कहना है कि आधुनिक वातावरण पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ जनता के बीच विश्वास भी मजबूत करता है। इसी सोच के तहत कमिश्नरेट में स्वच्छ थाना अभियान और स्मार्ट पुलिसिंग मॉडल पर लगातार काम किया जा रहा है।



# दिल्ली-एनसीआर में फिर फूटा महंगाई बम! सीएनजी के रेट बढ़े

**हाय महंगाई!**

**दिल्ली में सीएनजी 80.09 रुपये और नोएडा-गाजियाबाद में 88.70 रुपये प्रति किलो मिलेगी**




**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी की कीमतों में लगातार दूसरी बार बढ़ोतरी की गई है। आज से सीएनजी एक रुपये प्रति किलो महंगी हो गई है। इस फैसले के बाद अब दिल्ली में सीएनजी 80.09 रुपये और नोएडा-गाजियाबाद में 88.70 रुपये प्रति किलो मिलेगी। दो दिनों के अंदर ये दूसरी बढ़ोतरी है, क्योंकि इससे पहले 15 मई को भी दाम दो रुपये बढ़ाए गए थे। इसके विरोध में कांग्रेस ने केंद्र सरकारी की आलोचना की है। साथ ही दिल्ली कांग्रेस ने शनिवार को जोरदार प्रदर्शन किया था।

सीएनजी का इस्तेमाल करने वाले ऑटो, टैक्सी और निजी वाहन चालकों पर इस बढ़ोतरी का सीधा असर पड़ेगा। दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी पर चलने वाले हजारों वाहन रोजाना सड़कों पर दौड़ते हैं। दो दिनों में कुल 3 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी से आम जनता की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

**कांग्रेस ने सरकार को घेरा :** वहीं, रविवार को हुई सीएनजी के दामों में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस ने एक्स पर लिखा, 'महंगाई मैन' मोदी का चाबुक फिर चला, सीएनजी के दाम आज फिर बढ़े। 15 मईः 2 रुपये, 17 मईः 1 रुपये। अब तक मोदी ने सीएनजी 3 रुपये महंगी कर दी है। चुनाव खत्म होते ही, मोदी की वसूली चालू हो गई।

इससे पहले शनिवार को बढ़ती महंगाई, ईंधन और दूध के बढ़ते दामों के खिलाफ दिल्ली कांग्रेस ने सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया था। इसी क्रम में दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव करोल बाग में एक पेट्रोल पंप पर बैलगाड़ी से पहुंचे।

## मुंबई में पेड़ के नीचे दबने से किशोरी की मौत

**मुंबई।** मुंबई के खार पश्चिम इलाके में एक विशाल पेड़ ऑटो रिक्शा पर गिर गया था, जिसके नीचे दबकर दो लड़कियां घायल हो गईं थीं। इसके बाद दोनों को हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब उपचार के बाद एक लड़की की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे आईसीयू में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, जिस लड़की की मौत हुई है, उसकी पहचान एरिका श्रीवास्तव (14) के रूप में हुई है, जबकि दूसरी लड़की हर्षिता कुमार (21) का अभी उपचार अस्पताल में चल रहा है। उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की ओर से उसे बचाने की पूरी कोशिश की जा रही है। लेकिन, उसकी हालत अभी-भी चिंताजनक ही बताई जा रही है। दोनों ही लड़कियों को बहुत ही गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया था। इसके बाद डॉक्टरों की ओर से उपचार शुरू किया गया। डॉक्टर की ओर से एरिका श्रीवास्तव को बचाने की पूरी कोशिश की गई थी।

## आज होगी वीडी सतीशन की ताजपोशी

### खरगे- राहुल भी होंगे शामिल, सोनिया गांधी के आने पर संशय

**सतीशन अपने मंत्रिमंडल के साथ शपथ लेंगे। यह समारोह सुबह 10 बजे तिरुवनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में शुरू होगा।**




**नई दिल्ली।** केरल में कांग्रेस नेता वीडी सतीशन आज अगले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। इस समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस समारोह में शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

**शपथ ग्रहण समारोह में कौन-कौन शामिल होंगे?**

पार्टी सूत्रों ने बताया कि वायनाड सांसद और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी इस समारोह में शामिल होंगी। हालांकि, इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी समारोह में शामिल होंगी या नहीं। सतीशन ने पहले कहा था कि पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व इस समारोह के लिए दूसरे राज्यों के नेताओं को भी आमंत्रित करेगा।

**विजय को भी निमंत्रण भेजा :** कांग्रेस शासित राज्यों कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के सभी मुख्यमंत्री इस समारोह में शामिल होंगे। पार्टी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय को भी निमंत्रण भेजा है। लेकिन उनकी ओर से अभी पुष्टि का इंतजार है।

पार्टी नेताओं ने बताया कि सतीशन अपने मंत्रिमंडल के साथ शपथ लेंगे। यह समारोह सुबह 10 बजे तिरुवनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में शुरू होगा।

कांग्रेस के नेतृत्व वाले य़ूडीएफ ने केरल विधानसभा चुनाव में 140 में से 102 सीटों पर जीत हासिल की।

# अमेरिकी नाकेबंदी के बीच 20 हजार टन गैस लेकर भारत पहुंचा जहाज

**काम की खबर**

**यह जहाज 13 मई को 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' के खतरनाक रास्ते से होकर गुजरा था**



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भारी तनाव के बीच भारत के लिए रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर अच्छी खबर आई है। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला एलपीजी मालवाहक जहाज 'सिमी' रविवार सुबह गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल बंदरगाह पर सफलतापूर्वक पहुंच गया। यह जहाज 13 मई को 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' के खतरनाक रास्ते से होकर गुजरा था। पश्चिम एशिया में पिछले 75 दिनों से जारी युद्ध की वजह से यह समुद्री मार्ग फिलहाल बेहद असुरक्षित बना हुआ है।

**20,000 टन एलपीजी लेकर पहुंचा जहाज :** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने कतर के रास लफ्फान टर्मिनल से लगभग 20,000 टन रसोई गैस खरीदी थी, जिसे लेकर यह जहाज भारत आया है। जहाज पर सवार सभी 21 विदेशी चालक दल के सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। ओमान की खाड़ी में ईरानी नौसेना के कड़े पहरे और अमेरिकी नाकेबंदी के बीच इस जहाज को सुरक्षित निकालना एक बड़ी चुनौती थी।

**दुश्मन के रडार को ऐसे दिया चकमा :** दुश्मन के रडार और निगरानी तंत्र को चकमा देने के लिए जहाज ने बुधवार को युद्ध क्षेत्र से गुजरते समय अपने 'ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम' को अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। इस तकनीक की मदद से जहाज रडार की नजरों में आए बिना ईरान के लारक द्वीप के पूर्व में सुरक्षित पहुंचने में कामयाब रहा।

**होर्मुज पार कर भारत पहुंचने वाला 13वां जहाज :** इस पूरे ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए भारत सरकार के चार मंत्रालयों ने मिलकर काम किया।

## ग्रेट निकोबार परियोजना: जयराम रमेश ने रक्षा मंत्री को लिखी चिट्ठी

### कहा-ये प्रोजेक्ट इकोलॉजिकल तबाही का नुस्खा

**सवाल उठाए**

**पर्यावरणीय मंजूरी और परियोजना को रणनीतिक आधार पर उचित ठहराए जाने पर गंभीर सवाल उठाए**



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की 'ग्रेट निकोबार द्वीप' परियोजना पर कांग्रेस लगातार सवाल खड़े कर रही है। इसी क्रम में रविवार को कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने पर्यावरणीय मंजूरी, आदिवासी अधिकारों और परियोजना को रणनीतिक आधार पर उचित ठहराए जाने पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'केंद्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री और केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री को पत्र लिखने के बाद मैंने अब ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना के संबंध में रक्षा मंत्री को भी पत्र लिखा है।'

कांग्रेस नेता ने कहा कि ये 'अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न' परियोजना को मिली पर्यावरणीय मंजूरियों को लेकर पूरी तरह भ्रामक तस्वीर पेश करते हैं, जो असल में बेहद संदिग्ध आधारों पर दी गई हैं।

## ठाणे में 'ठेके पर हत्या' की साजिश का भंडाफोड़

**ठाणे।** ठाणे पुलिस ने एक 'ठेके पर हत्या' की साजिश का पदार्फाश किया है और पीड़ित के छोटे भाई समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि इन लोगों ने कथित तौर पर हमलावरों को काम पर रखा था और जांचकताओं को गुमराह करने और हत्या में अपनी भूमिका छिपाने के लिए शिकायत दर्ज कराई थी।

एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ित परेश तोलाराम पाटिल (40) की 12 मई को संपत्ति विवाद को लेकर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी और उसके भाई ने कथित तौर पर ठेके पर हत्यारों को 10 लाख रुपये दिए थे।

उसी दिन, महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी इलाके में रहने वाले ऑटो रिक्शा चालक नरेश तोलाराम पाटिल (37) ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उसके बड़े भाई परेश की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी है।

## रेल हादसा: राजधानी एक्सप्रेस की बोगी धधकी

### सूझबूझ से बची 68 यात्रियों की जान




**रतलाम।** मध्य प्रदेश के रतलाम के पास रविवार सुबह राजधानी एक्सप्रेस में अचानक आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि रेलवे सुरक्षा बल (फ्ढक्च्) और रेलवे कर्मचारियों की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई के चलते बड़ा हादसा टल गया। करीब 15 मिनट के अंदर बी-1 कोच में मौजूद सभी 68 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। यह घटना पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल के अंतर्गत लूनी रिछा और विक्रमगढ़ आलोट स्टेशनों के बीच सुबह करीब 5:30 बजे हुई। बताया जा रहा है कि आग दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस की बी-1 थर्ड एसी बोगी में लगी थी।

**शॉर्ट सर्किट की आशंका, जांच के आदेश**

**कोच के नीचे से उठा धुआं, फिर भड़क उठी आग :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुरूआत में कोच के नीचे के हिस्से से घना धुआं निकलता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और बी-1 कोच के साथ उससे सटे एसएलआर लगेज ब्रेक वैन को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची लपटें दूर तक दिखाई दे रही थीं। स्थिति गंभीर होते देख ट्रेन के गार्ड ने तुरंत लोको पायलट को सूचना दी। इसके बाद तेज रफ्तार ट्रेन को तत्काल रोका गया और यात्रियों को दूसरे कोचों में शिफ्ट किया गया।

घटना के तुरंत बाद आरपीएफ जवान और रेलवे कर्मचारी राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। टीम ने बिना घबराहट के यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। अधिकारियों के मुताबिक, समय रहते की गई कार्रवाई से किसी भी यात्री को चोट नहीं पहुंची। दमकल विभाग की टीमों और वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। सुरक्षा के लिहाज से ओवरहेड इलेक्ट्रिक सप्लाई बंद कर दी गई और क्षतिग्रस्त कोचों को ट्रेन से अलग कर दिया गया।

इस हादसे के कारण नई दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर रेल संचालन प्रभावित हुआ। कई ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोका गया, जिनमें मुंबई-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस भी शामिल रही। बाद में ट्रैक को साफ कर परिचालन बहाल किया गया।

प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि रेलवे अधिकारियों ने मामले की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए हैं ताकि आग लगने की वास्तविक वजह सामने आ सके। रेलवे प्रशासन ने बताया कि प्रभावित यात्रियों की यात्रा पूरी कराने के लिए कोटा स्टेशन पर अतिरिक्त कोच जोड़ने की व्यवस्था की जा रही है। घटना के बाद कई यात्रियों ने रेलवे स्टाफ और आरपीएफ जवानों की बहादुरी और तत्परता की सराहना की। यात्रियों का कहना है कि अगर कुछ मिनट की भी देरी होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## पीएम मोदी ने विदेश में पहना पारंपरिक अरनाई स्कार्फ

**परंपरा**

**असम के बोडो विरासत को मिली वैश्विक पहचान; सीएम हिमंत सरमा ने जताया आभार**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नीदरलैंड में एक आधिकारिक कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक बोडो स्कार्फ 'अरनाई' पहनने को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने इसे बोडो समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताया है। मुख्यमंत्री ने रविवार को कहा कि पीएम मोदी का यह कदम न केवल बोडो समुदाय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि इससे भारतीय हस्तशिल्प और परंपरागत वस्त्र संस्कृति को वैश्विक मंच पर नई पहचान मिली है।

**'अरनाई' बोडो संस्कृति की पहचान :** हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि 'अरनाई' बोडो समुदाय की परंपरा, सम्मान और हस्तशिल्प कौशल का प्रतीक है। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसे वैश्विक मंच पर धारण करना बेहद गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि यह क्षण भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। नीदरलैंड में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते दिखे पीएम मोदी : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीदरलैंड के हेग में भारतीय प्रवासी समुदाय को संबोधित करते हुए अरनाई को अपने गले में धारण किया था।

## महिला स्टार्टअप्स को 10 करोड़ तक गारंटी लोन देगी दिल्ली सरकार

**सशक्तीकरण**

**इस ऋण के लिए महिलाओं को कोई संपत्ति गिरवी नहीं रखनी होगी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा ऐलान किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों और स्टार्टअप्स को 10 करोड़ रुपये तक का बिना गिरवी ऋण दिया जाएगा, जिसकी गारंटी खुद दिल्ली सरकार लेगी। सरकार अब मॉल और बड़े शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में महिलाओं के स्वदेशी उत्पादों को नियमित बाजार भी उपलब्ध कराएगी।

मुख्यमंत्री शनिवार को रोहिणी वेस्ट मेट्रो स्टेशन के पास यूनिटी वन मॉल में आयोजित दो दिवसीय मेगा सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी) मेला-2026 के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी की महिलाओं को आत्मनिर्भर और उद्यमी बनाने के लिए बड़े स्तर पर काम कर रही है।

**10 करोड़ का कोलैटरल-फ्री लोन देगी सरकार :** मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि महिला स्वयं सहायता समूहों और महिला स्टार्टअप्स के लिए 10 करोड़ रुपये तक का कोलैटरल-फ्री लोन उपलब्ध कराया जाएगा। इस ऋण के लिए महिलाओं को कोई २२संपत्ति गिरवी नहीं रखनी होगी और इसकी गारंटी दिल्ली सरकार खुद लेगी। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं छोटे उद्योग, हस्तशिल्प और घरेलू कारोबार से जुड़ें और अपने उत्पाद बाजार तक पहुंचाएं।

**बेहद खास हैं स्वदेशी उत्पाद :** सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर भारत और वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट विजन को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे मेले अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## नीट पेपर लीक मामला: मनीषा मंधारे की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी




**आरोप**

**अदालत ने मनीषा मंधारे को 14 दिन की सीबीआई रिमांड पर भेजा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने नीट पेपर लीक केस में आरोपी, महाराष्ट्र के पुणे की वरिष्ठ बॉटनी शिक्षिका मनीषा गुरुनाथ मंधारे को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की 14 दिन की हिरासत में भेज दिया है। शनिवार को नीट यूजी 2026 के पेपर लीक मामले में सीबीआई ने पुणे की बायोलॉजी की अध्यापिका को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। मामले की आरोपी मनीषा गुरुनाथ मंधारे को सीबीआई ने गहन पूछताछ के बाद दिल्ली से गिरफ्तार किया।

वह नीट यूजी 2026 परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ी हुई थीं। इससे पहले राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को मुख्य आरोपी पीवी कुलकर्णी और मनीषा वाघमारे को 10 दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया था। मामले में सह आरोपी धनंजय लोखंडे को पहले ही छह दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा जा चुका है।

# 26 मई तक केरल पहुंचेगा मानसून दक्षिण भारत में भयंकर बाढ़ का खतरा

**मानसून**

**कृषि प्रधान भारत के लिए मानसून की यह स्थिति बहुत भयावह है**




**नई दिल्ली।** इस मानसून सत्र में देश के लगभग आधे हिस्से, उत्तर और मध्य भारत में भीषण सूखा पड़ने की आशंका है। जून से सितंबर के बीच होने वाली मानसूनी बारिश के भी सामान्य से कम रहने का अनुमान है। इसका प्रमुख कारण प्रशांत महासागर में बन रहा शक्तिशाली अल नीनो है। इसकी वजह से दक्षिण भारत के तटीय क्षेत्रों में भीषण बाढ़ का खतरा भी है। कृषि प्रधान भारत के लिए मानसून की यह स्थिति बहुत भयावह है, जो बहुत हद तक मानसूनी वर्षा पर निर्भर है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अल नीनो तेजी से आकार ले रहा है। भारत के लिए अल नीनो हमेशा से ही खराब रहा है। इस बार मजबूत अल नीनो बन रहा है, जिसका भयावह परिणाम हो सकता है। मजबूत अल नीनो दक्षिण पश्चिम मानसून की हवाओं को कमजोर कर देता है। इसका नतीजा यह होता है कि देश के अधिकांश हिस्से में बारिश कम होती है और सूखे जैसे हालात पैदा हो जाता हैं। इस बार उत्तर और मध्य भारत में कुछ ऐसी ही स्थिति की आशंका है। दूसरी तरफ, तमिनलाडु, आंध्र प्रदेश जैसे तटीय राज्यों में तबाही वाली बढ़ आ सकती है। आईएमडी के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून इस बार सामान्य तिथि से करीब चार दिन पहले, यानी 26 मई के आसपास केरल तट पर दस्तक दे सकता है। शनिवार को यह दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान सागर और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में और आगे बढ़ा है।

## गरजा 'बाबा' का बुलडोजर

### पुलिस ने वकीलों पर किया लाठीचार्ज

**कार्रवाई**

**अधिवक्ता अवैध चैंबरों पर बुलडोजर चलने का कर रहे थे विरोध, बढ़ा तनाव**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में वकीलों के अवैध चैंबरों पर रविवार को बुलडोजर चला। हाईकोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई हुई। नगर निगम, पुलिस व जिला प्रशासन की टीमों ने सुबह से ही इन्हें तोड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान वकीलों ने जमकर नारेबाजी की। पुलिस-प्रशासन से उनकी बहस भी हुई।

इस दौरान हंगामा कर रहे वकीलों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। वहीं दूसरी तरफ एक वकील ने खुद को चैंबर में बंद कर लिया। उसने कहा कि हमे कोई नोटिस नहीं मिली है। सिर्फ चैंबर तोड़े जा रहे हैं। उसने चैंबर के अंदर फांसी लगाने की कोशिश की।

एक महिला वकील ने कहा कि कुछ कुछ लोगों की मिलीभगत से यह सब गलत हो रहा है। जिस जगह पर हमारे वकील बैठते थे, उस जगह को हटाया जा रहा है। अगर वे सभी चैंबर्स को गिराने से पहले बैठने के लिए कोई दूसरी जगह दे देते, तो यह ज्यादा सही होता। उन लोगों के चैंबर्स भी गिरा दिए, जिन्हें गिराने के लिए निशान भी नहीं लगाए गए थे। 72 चैंबर्स की पहचान की गई थी। उन्हें गिराने का आदेश हाईकोर्ट ने दिया था।

## 'देश को एक वैचारिक राष्ट्र में बदलने की कोशिश': अरशद मदनी बोले-

# मुसलमान न कभी झुका है और न झुकेगा

**नई दिल्ली।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी ने कहा है कि देश को योजनाबद्ध तरीके से एक वैचारिक राष्ट्र में बदलने की कोशिश की जा रही है। मदनी ने कहा कि पहले केवल मुसलमान निशाने पर थे। अब इस्लाम को भी निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुसलमान न कभी झुका है और न कभी झुकेगा। अरशद मदनी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जमीयत उलमा-ए-हिंद की कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक का घोषणापत्र जारी किया। मदनी ने कहा, 'देश के वर्तमान हालात, बढ़ती सांप्रदायिकता, संवैधानिक संस्थाओं की चुप्पी, मुसलमानों और इस्लामी प्रतीकों के खिलाफ बढ़ते कदम तथा नफरत आधारित राजनीति अत्यंत चिंताजनक है। हालांकि मुसलमान न कभी झुका है और न कभी झुकेगा। वह प्रेम से झुक सकता है, लेकिन ताकत, धमकी और अत्याचार के सामने उसे कभी झुकाया नहीं जा सकता।'

**आरोप**

**मदनी ने कहा, 'देश के वर्तमान हालात, बढ़ती सांप्रदायिकता अत्यंत चिंताजनक**




उन्होंने कहा- सत्ता प्राप्ति के लिए अमन और एकता के साथ खतरनाक खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप धार्मिक उन्माद और नफरत लगातार बढ़ रही है, जबकि कानून के रखवाले मूकदर्शक बने हुए हैं। हालिया चुनावों के बाद कुछ राजनीतिज्ञों में नफरत के आधार पर सत्ता हासिल करने का चलन और बढ़ गई है। बहुसंख्यक समुदाय को अल्पसंख्यकों के विरुद्ध खड़ा करने के लिए धार्मिक भावनाओं को भड़काया जा रहा है, जबकि सरकारें भय और धमकी से नहीं बल्कि न्याय और इंसाफ से चलती हैं।'

अरशद मदनी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के बयान का जिक्र किया। मदनी ने कहा, 'पश्चिम बंगाल के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री का यह बयान कि वे 'सिर्फ हिंदुओं के लिए काम करेंगे' संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के पूरी तरह विरुद्ध है, क्योंकि हर मुख्यमंत्री शपथ लेकर सभी नागरिकों के साथ न्याय करने का संकल्प लेता है।

सत्ता में बैठे लोगों की जिम्मेदारी हर नागरिक के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करना है, न कि किसी विशेष वर्ग के खिलाफ नफरत और विभाजन की राजनीति करना।'


दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। सोमवार 18 मई -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित


## अंबाला के शहजादपुर में भव्य महाराणा प्रताप जयंती समारोह

# मिजोरम के राज्यपाल एवं गाजियाबाद के पूर्व सांसद जनरल वीके सिंह की मौजूदगी ने बढ़ाई गरिमा






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** हरियाणा के अंबाला जिले के शहजादपुर में आयोजित महाराणा प्रताप जयंती राज्य स्तरीय समारोह राष्ट्रभक्ति, शौर्य और स्वाभिमान की भावना से ओत-प्रोत दिखाई दिया।

कार्यक्रम में मिजोरम के राज्यपाल, गाजियाबाद के पूर्व सांसद एवं पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को विशेष महत्व प्रदान किया। समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, वरिष्ठ नेता श्याम सिंह राणा व कैबिनेट मंत्री अनिल विज सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर महाराणा प्रताप के जयघोषों और देशभक्ति के नारों से




वातावरण पूरी तरह ऊर्जावान बना रहा। अपने संबोधन में जनरल वीके सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल इतिहास के वीर योद्धा नहीं, बल्कि भारत की आन, बान और शान के प्रतीक हैं।

उनका जीवन त्याग, संघर्ष, राष्ट्रभक्ति और आत्मसम्मान की ऐसी मिसाल है, जो आज भी देश के युवाओं को प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों और मातृभूमि की रक्षा के लिए अडिग रहना ही सच्ची वीरता है और महाराणा प्रताप का संपूर्ण जीवन इसी आदर्श का प्रतीक रहा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएँ और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ। उन्होंने कहा कि देश को मजबूत बनाने के लिए युवाओं में अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रप्रेम की भावना होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और वीर रस से ओत-प्रोत आयोजनों ने लोगों को भावुक और गौरवान्वित कर दिया। मंच से वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के संघर्षमय जीवन, हल्दीघाटी के युद्ध और मातृभूमि के लिए उनके समर्पण को याद करते हुए उन्हें सच्चा राष्ट्रनायक बताया। समारोह में मौजूद लोगों ने इसे केवल एक जयंती कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति और भारतीय संस्कृति के गौरव का उत्सव बताया। कार्यक्रम के अंत में महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने और समाज व राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प भी लिया गया।

# सेठ मुकंद लाल रेड लाइट पर बनेगा ग्रीन कॉरिडोर, गर्मी से मिलेगी राहत

## नगर निगम लगाएगा वॉटर स्प्रेयर, वाहन चालकों और राहगीरों को धूप से बचाने की तैयारी

**राहत के इंतजाम**

**आम लोगों को राहत देने की दिशा में नगर निगम की एक बड़ी पहल**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में लगातार बढ़ती गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच नगर निगम ने आम लोगों को राहत देने की दिशा में एक और बड़ी पहल शुरू कर दी है। शहर के व्यस्ततम चौराहों में शामिल सेठ मुकंद लाल रेड लाइट पर अब जल्द ही ग्रीन कॉरिडोर और वॉटर स्प्रेयर सिस्टम देखने को मिलेगा। नगर निगम द्वारा यहां निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है और दावा किया जा रहा है कि अगले दो से तीन दिनों में यह पूरा हो जाएगा। नगर निगम का यह कदम खास तौर पर उन हजारों वाहन चालकों और राहगीरों के लिए राहत भरा साबित होगा, जिन्हें रेड लाइट पर लंबा इंतजार करते समय तेज धूप और भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है। ग्रीन कॉरिडोर तैयार होने के बाद चौराहे पर हरियाली का सुंदर वातावरण बनेगा, वहीं पानी के स्प्रे से तापमान कम करने में भी मदद मिलेगी।



### लोगों ने की पहल की सराहना

करंट क्राइम : स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने नगर निगम की इस पहल को सराहनीय बताया है। लोगों का कहना है कि गर्मियों में रेड लाइट पर रुकना बेहद मुश्किल हो जाता है, ऐसे में ग्रीन कॉरिडोर और पानी के स्प्रे जैसी व्यवस्था काफी राहत देने वाली साबित होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में गाजियाबाद के कई प्रमुख ट्रैफिक पॉइंट्स पर इस तरह की सुविधाएं विकसित की जाएंगी, ताकि लोगों को भीषण गर्मी के दौरान राहत मिल सके और शहर को आधुनिक एवं हरित स्वरूप दिया जा सके।

### सेठ मुकंद लाल चौराहे पर भी हापुड़ चुंगी की तर्ज पर होगा निर्माण

करंट क्राइम : बताया जा रहा है कि जिस प्रकार हापुड़ चुंगी पर नगर निगम द्वारा ग्रीन कॉरिडोर और वॉटर स्प्रेयर लगाए गए थे और लोगों को उससे राहत मिली, उसी मॉडल को अब सेठ मुकंद लाल चौराहे पर भी लागू किया जा रहा है। नगर निगम का मानना है कि इससे न केवल गर्मी से राहत मिलेगी बल्कि शहर की सुंदरता भी बढ़ेगी। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार रेड लाइट पर रुकने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी तेज धूप में होती है। ऐसे में वॉटर स्प्रेयर सिस्टम वातावरण को ठंडा रखने का काम करेगा, जबकि ग्रीन कॉरिडोर धूप के प्रभाव को कम करने में मदद करेगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि शहर के कई अन्य प्रमुख चौराहों को भी चिन्हित किया गया है, जहां भविष्य में इसी प्रकार के ग्रीन कॉरिडोर और वॉटर स्प्रेयर लगाए जाएंगे। उनका कहना है कि नगर निगम लगातार लोगों को गर्मी से राहत देने और शहर को पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

# ओडियो वायरल होने के बाद ठेकेदार के वीडियो में आ गया नया मोड़

## ठेकेदार ने खेद किया व्यक्त और पार्षद ने कहा स्थिति होनी चाहिए स्पष्ट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में अब डिजिटल अस्त्र शस्त्र भी प्रयोग होने लगे हैं। इस लड़ाई में कॉल रिकॉर्डिंग को भी हथियार बनाया जाता है। नगर निगम के वार्ड संख्या 9 का एक ओडियो वायरल हुआ। इस ओडियो में किसी विकास कार्य का जिक्र हो रहा है और ठेकेदार यह कह रहे हैं कि यह कार्य पार्षद के कहने पर रोका गया है। यह ओडियो जब सोशल मीडिया पर चला तो इसका संज्ञान क्षेत्रीय पार्षद ने भी लिया और जलकल विभाग के ठेकेदार ने भी लिया।

रविवार को इस पूरे मामले का कटाक्षेप हो गया। स्वयं ठेकेदार मनीष भार्गव ने वीडियो जारी किया और इस वीडियो में उन्होंने पार्षद शीतल चौधरी से माफी मांगी। वहीं इस पूरे मामले पर पार्षद शीतल चौधरी ने कहा कि यह मेरी छवि खराब करने की एक सोची समझी साजिश थी। बहरहाल अब ठेकेदार का वीडियो सामने आने के बाद ये पूरा मामला स्पष्ट हो गया है।

### मैं खुद हूं भाजपा कार्यकर्ता और नहीं रोका गया कोई काम : मनीष भार्गव



करंट क्राइम। टेलीफोन पर हुई बातचीत का ओडियो वायरल हो रहा था। काम रोकने की बात पार्षद द्वारा कही जा रही थी। लेकिन इस मामले में रविवार को नया मोड़ आ गया और ठेकेदार मनीष भार्गव का ही वीडिया आ गया। वीडियो में वो कह रहे हैं कि वह खुद 30 साल से भाजपा कार्यकर्ता हैं और निगम में निगम में ठेकेदारी कर रोजगार चलाते हैं। मनीष भार्गव ने कहा कि शीतल चौधरी के वार्ड में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है जैसा ओडिया में कहा जा रहा है। कोई काम नहीं रूकवाया गया है। उन्होंने कहा कि मैं शीतल चौधरी को तब से जानता हूं जब वो स्कूल में पढा करती थी। कुछ स्थानीय लोग उनकी छवि खराब करने के लिए इस तरह के ओडियो चला रहे है। कोई काम नहीं रोका गया है। काम चल रहा है। ठेकेदार मनीष भार्गव ने कहा कि इस ओडियो प्रकरण से पार्षद शीतल चौधरी की जनछवि को जो ठेस पहुंची है मैं उसके लिए माफी मांगता हूं।

### साजिशों पर ना दें ध्यान, वार्ड में चल रहा है काम : शीतल चौधरी



करंट क्राइम। इस पूरे प्रकरण में ओडियो वायरल होने से लेकर ठेकेदार का वीडियो सामने आने तक ये तो तय हो गया कि वार्ड संख्या 9 में राजनीति की स्थिति फाईन नहीं है। यहां कमल वालों को कमल वाले ही घेर रहे हैं। ओडिया आया और फिर वीडियो आया और उसके बाद करंट क्राइम ने पार्षद शीतल चौधरी से बात की। उन्होंने कहा कि दावेदारी करना टिकट मांगना प्रत्येक कार्यकर्ता का हक है। लेकिन इसके लिए साजिशें नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खुद ठेकेदार को ये महसूस हुआ और उन्होंने इसके लिए खेद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुझे जनता ने विकास के लिए चुना है और मैं विकास करा रही हूं। सड़क से लेकर सदन तक मैं क्षेत्र की आवाज उठाती हूं। मुझे भी यह जानकर हैरानी हुई कि कोई ओडियो में मेरा नाम ले रहा है और कोई इसे वायरल कर रहा है। मैं हमेशा से वार्ड के विकास और अच्छी सोच के साथ काम करती हूं। मेरी प्रभु श्रीराम से यही प्रार्थना है कि ऐसी साजिशें रचने वालों को भगवान सदबुद्धि दे।

# वैश्विक संकट के चलते बढ़े कच्चे तेल के दाम

## देशहित में सहयोग और संयम की आवश्यकता : अशु वर्मा

**संकट**

**वर्तमान समय में पूरा विश्व आर्थिक, सामरिक और ऊर्जा संकट के जटिल दौर से गुजर रहा है**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं गाजियाबाद की पूर्व महापौर अशु वर्मा ने अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण लगातार बढ़ रहे कच्चे तेल के दामों को लेकर विस्तृत और महत्वपूर्ण बयान जारी करते हुए कहा है कि वर्तमान समय में पूरा विश्व आर्थिक, सामरिक और ऊर्जा संकट के जटिल दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में भारत सहित कई देशों पर वैश्विक बाजार में हो रहे उतार-चढ़ाव का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि यह केवल भारत की समस्या नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर उत्पन्न हुई परिस्थितियों का परिणाम है। अशु वर्मा ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध, मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव, समुद्री व्यापार मार्गों पर अस्थिरता, तेल उत्पादक देशों द्वारा उत्पादन में कटौती तथा डॉलर के मुकाबले वैश्विक मुद्राओं में उतार-चढ़ाव जैसी परिस्थितियों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों को प्रभावित किया है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा विदेशों



से आयात करता है, इसलिए वैश्विक बाजार में तेल महंगा होने का असर देश के पेट्रोल और डीजल के दामों पर दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार इस दिशा में गंभीरता से काम कर रही है ताकि आम नागरिकों पर न्यूनतम बोझ पड़े और विकास की गति भी प्रभावित न हो। केंद्र सरकार ने बीते वर्षों में कई बार टैक्स में राहत देकर जनता को सहूलियत देने का कार्य किया है। इसके साथ ही वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और आत्मनिर्भर ऊर्जा व्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में भी ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। पूर्व महापौर ने कहा कि भारत आज दुनिया की तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और ऐसे समय में ऊर्जा की मांग भी लगातार बढ़ रही है। परिवहन, उद्योग, कृषि और व्यापार सभी क्षेत्रों की गतिविधियां ऊर्जा पर आधारित हैं। इसलिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दामों में वृद्धि का असर केवल ईंधन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवहन लागत, उत्पादन लागत और बाजार व्यवस्था पर भी दिखाई देता है।

### पूर्व मेयर अशु वर्मा ने नागरिकों से की सहयोग की अपील

**देशहित सर्वोपरि है और जब भी राष्ट्र किसी चुनौती के दौर से गुजरता है, तब जनता की सकारात्मक सोच ताकत बनकर उभरती है : अशु वर्मा**



करंट क्राइम : पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि विपक्ष को इस गंभीर विषय पर राजनीति करने के बजाय राष्ट्रहित में सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। जनता को भ्रमित करने या केवल आलोचना करने से समस्याओं का समाधान नहीं होगा। देश ने हर कठिन दौर में एकजुट होकर चुनौतियों का सामना किया है और आज भी वही भावना आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोगों को ईंधन संरक्षण की दिशा में सहयोग करना चाहिए। सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग, कार पूलिंग, अनावश्यक वाहन उपयोग से बचाव तथा ऊर्जा बचत जैसे छोटे-छोटे प्रयास भी देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अशु वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर वैश्विक चुनौती का मजबूती और दूरदर्शिता के साथ सामना कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां सामान्य होने पर राहत मिलेगी और भारत अपनी मजबूत आर्थिक नीतियों के बल पर पहले की तरह आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने अंत में कहा कि देशहित सर्वोपरि है और जब भी राष्ट्र किसी चुनौती के दौर से गुजरता है, तब जनता का सहयोग और सकारात्मक सोच सबसे बड़ी ताकत बनकर सामने आती है।

# संडे को पुलिसकर्मियों ने की थाना परिसर, कार्यालय और लाइन की सफाई

## पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर चला स्वच्छता अभियान, दो घंटे तक दिया श्रमदान

**स्वच्छता**

**कहीं चली झाड़ू तो कहीं पर हटाई गई घास अधिकारियों और जवानों ने मिलकर दिया स्वच्छता का संदेश**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में थानों का माहौल और कार्यप्रणाली बेहतर बनाने के लिए अब साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रविवार को अवकाश के दिन पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर पुलिस कमिश्नरेट के सभी थानों, पुलिस लाइन और विभिन्न कार्यालयों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान डीसीपी स्तर से लेकर एसीपी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, उपनिरीक्षक और पुलिसकर्मियों ने सामूहिक श्रमदान करते हुए थाना परिसरों, कार्यालयों और आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की। करीब दो घंटे तक चले इस अभियान में पुलिसकर्मियों ने परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के साथ-साथ पौधों की देखभाल भी की। स्वच्छता अभियान के दौरान नवागंतुक सिपाहियों का उत्साह भी देखने को मिला। अधिकारियों और जवानों ने मिलकर कार्यालयों को व्यवस्थित किया तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। वरिष्ठ






अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिसकर्मियों ने यह संकल्प दोहराया कि स्वच्छ वातावरण ही सुरक्षित समाज की मजबूत नींव है। कमिश्नरेट पुलिस की ओर से कहा गया कि स्वच्छ थाना सुरक्षित समाज केवल एक नारा नहीं बल्कि व्यवहारिक पहल है। पुलिसकर्मियों ने सामूहिक जिम्मेदारी निभाते हुए यह संदेश दिया कि स्वच्छता हर व्यक्ति और संस्था की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# फर्जी दस्तावेजों के सहारे बदल रहे थे पहचान

## साइबर थाना पुलिस ने पकड़ा हाईटेक गिरोह

### डाकघर कर्मचारी की मिलीभगत से तैयार हो रहे थे फर्जी आधार कार्ड

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट साइबर क्राइम थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए आधार कार्ड में संशोधन कराने वाले एक हाईटेक गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी संतोष तिवारी के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में पुलिस ने 4 मोबाइल फोन, 2 लैपटॉप, 42 फर्जी पेंशन भुगतान आदेश प्रपत्र एवं अन्य कूट रचित प्रमाण पत्र बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया है कि आरोपी फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, रसोई गैस कनेक्शन संबंधी दस्तावेज व सेना के सेवानिवृत्त सैनिकों को जारी होने वाले पेंशन भुगतान आदेश तैयार कर लोगों के आधार कार्ड में नाम, जन्मतिथि और पता बदलवाने का अवैध काम कर रहे थे। आरोपियों की पहचान दीपक कुमार और विकास कुमार निवासी हसनपुर लौढ़ा थाना धौलाना जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी पंचवटी तिराहे के पास बालाजी जन सेवा केंद्र के नाम से केंद्र संचालित करते थे। यहां आने वाले लोगों से 3500 से 4000 रुपये लेकर उनके फर्जी दस्तावेज तैयार किए जाते थे और उन्हीं दस्तावेजों के आधार पर आधार कार्ड में संशोधन कराया जाता था।



पुलिस के अनुसार आरोपियों के लैपटॉप से दिल्ली नगर निगम के जन्म प्रमाण पत्र, रसोई गैस एजेंसी व सेना के पेंशन प्रपत्रों के हूबहू नमूने मिले हैं। आरोपी इन नमूनों की मदद से असली जैसे दिखने वाले फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करते थे। इतना ही नहीं, आरोपी त्वरित पहचान कूट भी तैयार कर लेते थे, जिससे दस्तावेज पूरी तरह असली प्रतीत हों। पुलिस जांच में डाकघर की एक कर्मचारी कोमल की भूमिका भी सामने आई है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि प्रत्येक फर्जी आधार कार्ड तैयार कराने के एवज में कोमल को 250 रुपये दिए जाते थे। फिलहाल पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। थाना प्रभारी संतोष तिवारी ने बताया कि बरामद दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों द्वारा तैयार किए गए अन्य फर्जी आधार कार्डों की जांच की जा रही है। मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## संपादकीय

# तेल संकट से महंगाई

ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद वैश्विक स्तर पर ऊर्जा कीमतों में जिस तरह की तेजी आई है, अब तेल कंपनियां आम उपभोक्ताओं पर भी उसका बोझ सीधे डालना शुरू कर चुकी हैं। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच इस बात की आशंका पहले से जताई जा रही थी कि तेल और गैस की कमी की वजह से आने वाले दिनों में जरूरी वस्तुओं की महंगाई बढ़नी तय है। खासतौर पर रसोई गैस की किल्लत की वजह से आम लोगों के सामने कैसी परिस्थितियां पैदा हुई हैं, यह सब जानते हैं। इस दौरान देश में ईंधन, बिजली और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल की वजह से थोक महंगाई दर अप्रैल में 8.3 फीसद दर्ज की गई, जो मार्च में 3.88 फीसद थी। साफ है कि घरेलू बाजार पर अब अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का असर पड़ना शुरू हो चुका है। हालांकि कुछ समय पहले वाणिज्यिक गैस सिलेंडर और विमानन टर्बाइन ईंधन के दाम में खासी बढ़ोतरी की गई थी, लेकिन उसके असर का दायरा कुछ हद तक सीमित था। अब पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफे का मोर्चा जिस तरह खुला है, उससे साफ है कि अगर ईरान और अमेरिका के बीच टकराव के साए में तेल की आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रही, तो इसका असर जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित करेगा। गौरतलब है कि तेल कंपनियों की ओर से शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। वहीं सीएनजी की कीमत में भी दो रुपए प्रति किलोग्राम का इजाफा किया गया। जाहिर है, ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद वैश्विक स्तर पर ऊर्जा कीमतों में जिस तरह की तेजी आई है, अब तेल कंपनियां आम उपभोक्ताओं पर भी उसका बोझ सीधे डालना शुरू कर चुकी हैं। यों जब ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया था और दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के तेलशोधन केंद्रों और ठिकानों पर मिसाइल दागे गए, तभी से यह साफ था कि इसका असर दुनिया भर में होने वाली तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ेगा और नतीजतन सभी क्षेत्रों में महंगाई बढ़ेगी। खासतौर पर उन देशों में ज्यादा मुश्किल पैदा हो सकती है, जहां तेल और गैस की आपूर्ति को सहज बनाए रखने के विकल्प सीमित हैं। दरअसल, होर्मुज जलमार्ग से दुनिया भर में लगभग बीस से पच्चीस फीसद तेल और गैस की आपूर्ति होती है और इसी वजह से इसके बाधित होने के प्रभाव का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। स्वाभाविक रूप से भारत में भी तेल और गैस की कमी पैदा हुई। हालांकि अमेरिका की ओर से लगाई गई शर्तों के बीच भारत ने रास्ता निकालने की कोशिश की थी, लेकिन अब युद्ध से उपजी जटिलता जैसे-जैसे लंबी खिंचती जा रही है, वैसे-वैसे विकल्प भी सिमटते जा रहे हैं। यह छिपा नहीं है कि डीजल के दाम में बढ़ोतरी के साथ ही माल ढुलाई की कीमत बढ़ती है और उसकी वजह से सभी जरूरी उपभोक्ता वस्तुओं की महंगाई में बढ़ोतरी होती है।

# शेयर बाजार में बड़ी गिरावट
# टॉप कंपनियों को 3 लाख करोड़ का झटका

## रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे बड़ा नुकसान, टॉप-10 में शामिल 9 कंपनियों का मार्केट कैप घटा




**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह शेयर बाजार में भारी गिरावट के बीच टॉप-10 में शामिल 9 कंपनियों का मार्केट कैप 3.12 लाख करोड़ घट गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे बड़ा नुकसान हुआ, जबकि भारती एयरटेल फायदे में रही। देश के शेयर बाजार में पिछले सप्ताह भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार में जारी बिकवाली के चलते देश की टॉप-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से 9 कंपनियों के मार्केट कैपिटलाइजेशन में कुल 3.12 लाख करोड़ की गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ।

बीते सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 2,090.2 अंक यानी 2.7 फीसदी टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 532.65 अंकों यानी 2.2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। बाजार में कमजोरी का असर बड़ी कंपनियों के शेयरों पर साफ दिखाई दिया।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के रिसर्च प्रमुख अजीत मिश्रा के मुताबिक, पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, रुपये में कमजोरी और महंगाई को लेकर बढ़ती चिंताओं ने बाजार की धारणा को कमजोर किया। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतें 105 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से निवेशकों की चिंता और बढ़ गई। उन्होंने कहा कि महंगे क्रूड ऑयल से आयातित महंगाई बढ़ने, सरकारी वित्तीय दबाव और कंपनियों के मुनाफे पर असर पड़ने की आशंका है। यही वजह रही कि निवेशकों ने बाजार में बिकवाली की।

**रुपये की कमजोरी और महंगाई ने बाजार पर डाला असर**

**भू-राजनीतिक तनाव और महंगे कच्चे तेल से बढ़ी चिंता**

### इसके अलावा कई दिग्गज कंपनियों को भी भारी नुकसान हुआ :-

- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का मार्केट कैप 52,245.3 करोड़ घटा।
- टीसीएस की वैल्यू 47,415.04 करोड़ कम हुई।
- बजाज फाइनेंस को 27,892.28 करोड़ का नुकसान हुआ।
- एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 20,630.01 करोड़ घटा।
- आईसीआईसीआई बैंक की वैल्यू 14,290 करोड़ कम हुई।
- लार्सन एंड टुब्रो को 9,078.87 करोड़ का नुकसान हुआ।
- हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 3,970.8 करोड़ घटा।
- एलआईसी की वैल्यू 2,182.12 करोड़ कम हुई।

### रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे बड़ा नुकसान

देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के मार्केट कैप में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। कंपनी का बाजार मूल्य 1,34,445.77 करोड़ घटकर 18,08,420.81 करोड़ रह गया।

### भारती एयरटेल रही फायदे में

जहां ज्यादातर बड़ी कंपनियों को नुकसान हुआ, वहीं भारती एयरटेल ने बाजार में मजबूती दिखाई। कंपनी का मार्केट कैप 42,470.13 करोड़ बढ़कर 11,60,525.16 करोड़ पहुंच गया। गिरावट के बावजूद रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का स्थान रहा।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत बना वैश्विक निवेश का नया केंद्र

## भारत-नीदरलैंड आर्थिक साझेदारी को नई मजबूती मिलने के संकेत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया भर की कंपनियों के लिए निवेश और विकास का सबसे बड़ा और प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। इसी सिलसिले में नीदरलैंड के द हेग में एक बेहद खास 'सीईओ राउंड टेबल ऑन इकोनॉमिक टाइज' (आर्थिक संबंधों पर सीईओ की गोलमेज बैठक) का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने वहां के शीर्ष डच व्यापारिक नेताओं और बड़ी कंपनियों के सीईओ के साथ सीधा संवाद किया। इस चर्चा के बाद डच उद्योग जगत के नेताओं ने न केवल भारत के तेजी से होते आर्थिक विकास की जमकर तारीफ की, बल्कि सेमीकंडक्टर, बुनियादी ढांचे और व्यापार के क्षेत्र में भारत के साथ मिलकर काम करने की अपनी गहरी इच्छा भी जाहिर की।

इस बैठक का सबसे बड़ा और अहम नतीजा यह रहा कि दुनिया की जानी-मानी डच कंपनी एएसएमएल और भारत की प्रमुख कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के बीच सेमीकंडक्टर को लेकर एक बहुत ही महत्वपूर्ण समझौता हुआ है।

### एएसएमएल के सीईओ ने भारत के सेमीकंडक्टर विजन पर क्या कहा?

डच कंपनी एएसएमएल के अध्यक्ष और सीईओ क्रिस्टोफ फौक्वेट ने इस समझौते पर बहुत खुशी जताई। उन्होंने कहा कि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ जो अहम साझेदारी हुई है, वह असल में प्रधानमंत्री मोदी की उस मजबूत इच्छाशक्ति का ही नतीजा है, जिसके तहत वे भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग को स्थापित करना चाहते हैं। फौक्वेट ने अपनी बात रखते हुए कहा कि करीब एक साल पहले, पीएम मोदी ने भारत में इस उद्योग को लाने का लक्ष्य तय किया था। मैं पिछले साल सितंबर में 'सेमिकॉन इंडिया' कार्यक्रम में गया था, और वहां की योजनाओं से मैं बहुत प्रभावित हुआ था। हम इस सपने को सच करने के लिए टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ बहुत करीब से काम करने को लेकर बेहद खुश हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जब हम छीकते हैं, तो वह 100 मील प्रति घंटा के रफ़्तार की यात्रा करती है।
- देहिका ( फ़्ली ) अपने कद से 130 गुना ऊंचा कूद सकते हैं।
- एक बिजली बाम मछली ( इलेक्ट्रिक ईल ) 650 वोल्ट तक कि बिजली पैदा कर सकता है। इसे छुईए और अपने जीवन का सबसे बड़ा झटका पाइए!
- फोटोन को सूर्य के मध्य से सूर्य की सतह तक आने में 40,000 वर्ष लग जाते हैं। परंतु सूर्य की सतह से पृथ्वी तक आने में केवल 8 मिनट।
- पृथ्वी की आयु 4 से 5 बिलियन वर्ष है। सूर्य और चंद्रमा की भी करीब इतनी ही है।
- हमारी धरती लौह ( आयरन), कार्बन, सिलिकॉन और थोड़े मैग्नीशियम से बनी है, केवल मनुष्यों से नहीं!
- पृथ्वी सौर मंडल में एक मात्र ऐसा ग्रह है, जिसके वायुमंडल में 21 प्रतिशत ऑक्सीजन है और सतह पर जल।
- पृथ्वी की सतह विवर्तनिक (टेक्टोनिक) प्लेटों से बनी है जो पृथ्वी के कोर और सतह के बीच के चट्टानी मेंटल पर तैरते हैं।

# पाकिस्तानी रक्षा बजट में 100 अरब का इजाफा

## आईएमएफ के सहारे 2.66 लाख करोड़ खर्च करने की तैयारी



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड (आईएमएफ) की बैसाखी के सहारे पाकिस्तान अगले वित्त वर्ष में रक्षा बजट में करीब 100 अरब पाकिस्तानी रुपये की बढ़ोतरी कर सकता है। सरकार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) समर्थित सुधार कार्यक्रम के तहत अपना बजट तैयार कर रही है। पाकिस्तानी दैनिक डॉन ने बताया कि 2026-27 के लिए रक्षा व्यय का अनुमान 2.66 लाख करोड़

### टैरिफ पर कानूनी लड़ाई, राशि न लौटाने पर अमेरिका में अमेजन पर केस

अमेरिका में उपभोक्ताओं ने ई-कॉमर्स दिग्गज कंपनी अमेजन पर मुकदमा किया है। उनका आरोप है कि कंपनी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से टैरिफ लगाने के बाद बढ़ी हुई कीमतों को तो वसूला लेकिन सुप्रीम कोर्ट की तरफ से टैरिफ को असांविधानिक बताए जाने के बाद उक्त राशि को लौटाया नहीं। सिएटल स्थित संघीय अदालत में दाखिल एक सामूहिक मुकदमे में उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि ई-कॉमर्स कंपनी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले आयातित वस्तुओं पर करोड़ों डॉलर वसूले।

### भारत से नेपाल के लिए चीनी का निर्यात बंद, व्यापारी परेशान

भारत से नेपाल को चीनी का निर्यात पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है। शनिवार को झूलाघाट अंतरराष्ट्रीय बाजार में नेपाल के ग्राहक रोजमर्रा के सामान की खरीदारी करने आए। वापस नेपाल जाते समय अंतरराष्ट्रीय झूला पुल पर तैनात कस्टम विभाग ने भारत से चीनी ले जा रहे नेपाली नागरिकों से चीनी वापस करवा दी। इससे झूलाघाट बाजार के व्यापारियों में खलबली मच गई। बाद में पूछने पर कस्टम अधिकारियों ने बताया कि भारत सरकार ने वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए चीनी के नेपाल निर्यात पर फिलहाल 13 मई से 30 सितंबर तक पूर्ण रूप से रोक लगा दी है।

# सरकार ने चांदी के आयात से जुड़े नियम कड़े किए

## कीमती धातुओं पर शुल्क बढ़ाने के बाद फैसला




**नई दिल्ली।** सरकार ने चांदी के आयात से जुड़ नियम कड़े कर दिए हैं। इससे यह यह 'मुक्त' से प्रतिबंधित श्रेणी में आ गया है। यह कदम कीमती धातुओं पर आयात शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी करने के कुछ दिनों बाद आया है, इसका उद्देश्य व्यापार संतुलन को प्रभावित करना है।

सरकार ने चांदी के आयात से जुड़े नियम तत्काल प्रभाव से कड़े कर दिए हैं। यह कदम कीमती धातुओं पर सीमा शुल्क बढ़ाने के कुछ ही दिनों बाद उठाया गया है। इस फैसले से घरेलू बाजार और व्यापार संतुलन पर असर पड़ने की उम्मीद है।

### आयात नीति में बदलाव

सरकार ने चांदी के आयात को लेकर अपनी नीति में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। पहले चांदी का आयात मुक्त श्रेणी में आता था, जिसका अर्थ था कि इसे आसानी से आयात किया जा सकता था। अब इसे प्रतिबंधित श्रेणी में डाल दिया गया है। इस बदलाव का मतलब है कि आयातकों को अब चांदी मंगाने के लिए सरकारी अनुमति लेनी होगी। यह प्रक्रिया आयात को और अधिक नियंत्रित और जटिल बना देगी।

### सीमा शुल्क में वृद्धि

चांदी पर प्रतिबंध लगाने से पहले, सरकार ने कीमती धातुओं पर आयात शुल्क बढ़ाया था। 13 मई को यह शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया गया था। यह वृद्धि सोने और अन्य कीमती धातुओं पर भी लागू हुई थी।

# ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार में बड़ा उछाल, सहयोग बढ़ाने पर जोर

## भारत ने चौथी बार संभाली ब्रिक्स की अध्यक्षता



**नई दिल्ली।** ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार पिछले कुछ वर्षों में कई गुना बढ़ा है, लेकिन यह अब भी वैश्विक व्यापार का का करीब पांच प्रतिशत ही है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने यह जानकारी दी। अग्रवाल ने कहा कि इससे इस समूह के भीतर व्यापार और आर्थिक सहयोग बढ़ाने की बड़ी संभावनाएं दिखाई देती हैं। ब्रिक्स में ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। यह समूह वैश्विक और क्षेत्रीय महत्व के राजनीतिक तथा आर्थिक मुद्दों पर विचार-विमर्श और सहयोग का मंच है। भारत ने 2012, 2016 और 2021 के बाद चौथी बार ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली है। गुजरात के गांधीनगर में 14-15 मई को आयोजित ब्रिक्स देशों के व्यापार और आर्थिक मामलों से जुड़े अधिकारियों की दूसरी बैठक को संबोधित करते हुए अग्रवाल ने कहा कि ब्रिक्स देशों के बीच वस्तु व्यापार 2003 में 84 अरब डॉलर से बढ़कर 2024 में 1.17 लाख करोड़ डॉलर हो गया है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

बाबा : बहन रोटी दे दो, बाबा भूखा है।
घर के अंदर से आवाज आई : तेरी बहन बैंक गई है, आज तेरा जीजा भी भूखा है।

---

पत्नी - आज मैं 5 स्टार होटल जैसा खाना बनाऊँगी।
पति खुशी से - वाह! क्या बनाओगी?
पत्नी - पहले 2 घंटे इंतजार करवाऊँगी, फिर बोलूँगी आज किचन बंद है!

---

पति न्यूज देख रहा था
एंकर - महंगाई लगातार बढ़ रही है
पत्नी - सुन रहे हो?
पति - हाँ...
पत्नी - इसलिए आज से मेरी शॉपिंग पर कोई सवाल नहीं!

---

रिपोर्टर - शादी के बाद सबसे बड़ा बदलाव क्या आया?
पति - पहले मैं चैन से सोता था...
अब -हाँ जानू बोलते-बोलते सो जाता हूँ!

---

पत्नी - मैं मायके जा रही हूँ।
पति (खुशी छुपाते हुए) — कब तक?
पत्नी - क्यों?
पति - ताकि स्टेशन तक छोड़ने के लिए छुट्टी ले सकूँ!

## 18 05 2026 करंट क्राइम


**सेलेब्रिटी जन्मदिन**

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



शिवांगी जोशी (अभिनेत्री)



आरिबा | हैप्पी शर्मा | सोनिका गौड़ | रोनिका बिस्वाल | दीपांशु शर्मा



राहुल गोयल | विपिन पंड़ित | अफताब अली | हर्ष पंडित | अनीस खान | प्रवीण ढाका



मुकेश गौतम | शुभम चौधरी | विकास डागर | सिताब कुरैशी | भारत अवाना | गगन खरे



हरि यादव | सेंसर पाल | उस्मान अली | अखिल शर्मा | गौरव सोलंकी

**सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।**
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक **करंट क्राइम**
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# थाईलैंड ओपन में रजत पदक जीतने के बाद मलयेशिया मास्टर्स से हटे सात्विक-चिराग

**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने आगामी मलयेशिया मास्टर्स से हटने का फैसला किया है। थाईलैंड ओपन में शानदार प्रदर्शन के बाद दोनों खिलाड़ी अब अपने व्यस्त कार्यक्रम को संतुलित तरीके से मैनेज करना चाहते हैं।

भारत की स्टार पुरुष युगल बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने आगामी मलयेशिया मास्टर्स से हटने का फैसला किया है। थाईलैंड ओपन में शानदार प्रदर्शन के बाद दोनों खिलाड़ी अब अपने व्यस्त कार्यक्रम को संतुलित तरीके से मैनेज करना चाहते हैं। थाईलैंड ओपन के फाइनल में उपविजेता रहने के बाद भारतीय जोड़ी ने पुष्टि की कि वे अब सीधे सिंगापुर, इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया टूनार्मेंट्स में हिस्सा लेंगे। मैच के बाद सात्विक ने कहा, 'नहीं, हम मलयेशिया नहीं खेल रहे हैं। अब हम सिंगापुर, इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया खेलेंगे।'

### थाईलैंड ओपन फाइनल में मिली हार

थाईलैंड ओपन के फाइनल में भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया के लीओ रॉली कार्नांडो और



डेनियल मार्थिन के खिलाफ 21-12, 25-23 से हार का सामना करना पड़ा। निमिबुत्र स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में पहले गेम में भारतीय जोड़ी पूरी तरह दबाव में दिखी, लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने जोरदार वापसी की और चार

### तेज शटल और परिस्थितियों से जूझी भारतीय जोड़ी

सात्विक ने बताया कि पहले गेम में कोर्ट की परिस्थितियां और इंडोनेशियाई जोड़ी की आक्रामक रणनीति उनके लिए बड़ी चुनौती बनी। उन्होंने कहा, 'पहले साइड पर खेलना काफी मुश्किल था क्योंकि वहां शटल बहुत तेज जा रही थी। विरोधी हमें अपने गेम स्टाइल में ले गए। हमें परिस्थितियों के अनुसार ढलने में समय लगा। दूसरे गेम में हमने बेहतर खेल दिखाया।

चैंपियनशिप पॉइंट बचाए। हालांकि अंत में वे मुकाबला निर्णायक गेम तक नहीं ले जा सके।

चिराग शेट्टी ने मैच के बाद कहा, 'हम शुरूआत अच्छी नहीं कर पाए। शटल काफी तेज थी और हम उसे नीचे रखने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन लगातार बैकफुट पर थे। दूसरे गेम में हमने शटल को ऊपर से खेलना शुरू किया और कुछ फ्लिक्स भी इस्तेमाल किए, जिससे मुकाबला बेहतर हुआ, लेकिन अंत में यह काफी नहीं था।'




### आत्मविश्वास वापसी की ओर

हालांकि खिताब हाथ से निकल गया, लेकिन इस पूरे टूनार्मेंट को भारतीय जोड़ी ने अपने आत्मविश्वास की वापसी के रूप में देखा। सात्विक ने माना कि पिछले कुछ महीनों में उनका आत्मविश्वास थोड़ा कम हुआ था, लेकिन अब वे धीरे-धीरे अपने पुराने अंदाज में लौट रहे हैं। उन्होंने कहा, 'आज को छोड़ दें तो पूरे टूनार्मेंट में हमने अच्छा खेला। हमें कोर्ट पर खुद पर ज्यादा भरोसा रखने की जरूरत है। पहले हम 90 प्रतिशत आत्मविश्वास के साथ उतरते थे, लेकिन अब वह धीरे-धीरे वापस आ रहा है। चिराग ने भी इस बात से सहमति जताई और कहा कि हालिया थॉमस कप अभियान ने टीम का आत्मविश्वास बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, 'साल की शुरूआत में हमने अच्छा खेला था, लेकिन अब धीरे-धीरे हमारा आत्मविश्वास वापस आ रहा है।

# अल-नस्र की हार से टूटा रोनाल्डो का सपना

## फाइनल के बाद मेडल लेने से भी किया इनकार

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो का सऊदी अरब में पहला बड़ा खिताब जीतने का इंतजार अभी खत्म नहीं हुआ। एएफसी चैंपियंस लीग टू के फाइनल में अल-नस्र को जापान के गाम्बा ओसाका ने 1-0 से हराया। हार के बाद निराश रोनाल्डो ने रनर-अप मेडल लेने से भी इनकार कर दिया। डेनिज हम्मत के पहले हाफ में किए गए गोल ने ओसाका को खिताब दिलाया, जबकि अल-नस्त्र कई मौकों के बावजूद बराबरी नहीं कर सका।



सऊदी क्लब अल-नस्त्र और फुटबॉल सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए शनिवार की रात बेहद निराशाजनक साबित हुई। एएफसी चैंपियंस लीग टू के फाइनल में जापान के गाम्बा ओसाका ने अल-नस्त्र को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस हार के बाद रोनाल्डो ने रनर-अप मेडल लेने से भी इनकार कर दिया, जिसकी चर्चा सोशल मीडिया पर तेजी से हो रही है।

### डेनिज हम्मत का गोल बना फर्क

मुकाबले में अल-नस्त्र ने गेंद पर ज्यादा कब्जा रखा और लगातार अटैक किए, लेकिन टीम गोल करने में नाकाम रही। वहीं गाम्बा ओसाका ने मिले मौके का शानदार फायदा उठाया। मैच के 30वें मिनट में तुर्की फॉरवर्ड डेनीज हमात ने बॉक्स के अंदर से शानदार लो शॉट लगाकर टीम को बढ़त दिलाई। गोल के बाद लंबा वीएआर चेक हुआ, लेकिन आखिरकार गोल को मान्यता दे दी गई। हम्मत ने मैच के बाद कहा, 'मैं खुश हूं कि मैंने गोल किया और टीम की मदद कर सका। दूसरे हाफ में मैं काफी नर्वस था, लेकिन सबसे जरूरी बात यह है कि हमने जीत हासिल की। मुझे अपने साथियों पर गर्व है।'

### रोनाल्डो और फेलिक्स से चूके मौके

अल-नस्त्र के स्टार खिलाड़ियों ने कई मौके बनाए, लेकिन किस्मत ने उनका साथ नहीं दिया। पहले हाफ के अंत में रोनाल्डो को बराबरी का शानदार मौका मिला, लेकिन जोआओ फेलिक्स के क्रॉस पर उनका हेडर गोलपोस्ट के बाहर चला गया। इसके बाद मैच खत्म होने से 13 मिनट पहले फेलिक्स का लंबी दूरी का शॉट पोस्ट से टकरा गया। ओसाका की मजबूत डिफेंस लाइन ने अल-नस्त्र के स्टार अटैक को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।

# पांच साल बाद UFC में लौटेंगे कॉनर मैकग्रेगर

## मैक्स होलोवे से होगी धमाकेदार भिड़ंत

**लंदन।** यूएफसी सुपरस्टार कॉनर मैकग्रेगर लगभग पांच साल बाद ऑक्टागन में वापसी करने जा रहे हैं। यूएफसी सीईओ डाना व्हाइट ने पुष्टि की है कि मैकग्रेगर 11 जुलाई को लास वेगास में यूएफसी 329 के मेन इवेंट में मैक्स होलोवे का सामना करेंगे। 2021 में डस्टिन पोइरियर के खिलाफ गंभीर चोट के बाद मैकग्रेगर लंबे समय तक बाहर रहे थे। अब उनकी वापसी को लेकर फैंस में जबरदस्त उत्साह है।

दुनिया के सबसे चर्चित एमएमए फाइटर्स में शामिल कोनर मैकग्रेगर आखिरकार यूएफसी में वापसी करने जा रहे हैं। लगभग पांच साल के लंबे इंतजार, चोटों और कई बार टली वापसी के बाद यूएफसी सीईओ डाना व्हाइट ने शनिवार को मैकग्रेगर की वापसी की आधिकारिक पुष्टि कर दी। मैकग्रेगर 11 जुलाई को लास वेगास के टी-मोबाइल एरीना में होने वाले यूएफसी 329 के मेन इवेंट में मैक्स होलोवे से भिड़ेंगे। खास बात यह है कि यह मुकाबला उनकी पिछली फाइट के लगभग ठीक पांच साल बाद होगा।

### पांच साल बाद होगी वापसी



मैकग्रेगर आखिरी बार 10 जुलाई 2021 को ऑक्टागन में नजर आए थे। उस मुकाबले में उन्हें डस्टिन पोएरियर के खिलाफ टीकेओ हार का सामना करना पड़ा था। उसी फाइट में उनकी टांग बुरी तरह टूट गई थी, जिसके बाद वह लंबे समय तक मुकाबलों से दूर रहे। इसके बाद 2024 में उनकी वापसी की योजना बनाई गई थी, जहां उनका मुकाबला माइकल चैंडलर से होना था। लेकिन फाइट से कुछ हफ्ते पहले पैर की अंगुली टूटने के कारण वह मुकाबला भी रद्द हो गया।

**13 साल पुरानी प्रतिद्वंद्विता फिर होगी जिंदा:** मैकग्रेगर और होलोवे पहली बार अगस्त 2013 में बोस्टन में भिड़े थे। उस समय दोनों ही यूएफसी में अपने करियर की शुरूआत कर रहे थे। उस मुकाबले में मैकग्रेगर ने सर्वसम्मत फैसले से जीत हासिल की थी, जबकि फाइट के दौरान उनका एसीएल भी चोटिल हो गया था।

अब दोनों फाइटर्स एक दशक बाद फिर आमने-सामने होंगे, लेकिन इस बार परिस्थितियां और वजन वर्ग दोनों अलग होंगे। यह मुकाबला वेल्टरवेट कैटेगरी में आयोजित किया जाएगा।

### फैंस को बड़ी फाइट का इंतजार

मैकग्रेगर की वापसी की खबर से एमएमए फैंस में जबरदस्त उत्साह है। उनकी लोकप्रियता और आक्रामक अंदाज ने उन्हें यूएफसी का सबसे बड़ा सुपरस्टार बनाया है। दूसरी तरफ होलोवे अपनी शानदार तकनीक और स्टैमिना के लिए जाने जाते हैं।

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि पांच साल बाद लौट रहे मैकग्रेगर क्या पहले जैसी धमाकेदार वापसी कर पाते हैं या नहीं।

# कोलकाता ने प्लेऑफ के लिए बढ़ाए मजबूत कदम, टूटा गुजरात की जीत का सिलसिला

**कोलकाता।** केकेआर ने गुजरात को 29 रनों से हरा दिया। शनिवार को खेले गए मुकाबले में केकेआर द्वारा दिए गए 248 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात चार विकेट पर 218 रन ही बना सकी।

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने गुजरात टाइटंस को 29 रनों से हरा दिया। शनिवार को ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर ने फिन एलन, अंगकृष रघुवंसी और कैमरन ग्रीन की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में दो विकेट पर 247 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम चार विकेट पर 218 रन ही बना सकी। इस दौरान शुभमन गिल, जोस बटलर और साई सुदर्शन ने अर्धशतक जड़े। वहीं, केकेआर के लिए सुनील नरेन ने दो विकेट लिए जबकि सौरभ और ग्रीन को एक-एक मिला।





### गुजरात की पारी

विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात को साई सुदर्शन और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरूआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों के बीच 3 ओवरों में 42 रन की साझेदारी हो चुकी थी। तीसरे ओवर की अंतिम गेंद पर कार्तिक त्यागी की गेंद सुदर्शन की बाएं कोहनी पर लगी। उस समय तक सुदर्शन 13 गेंदों में 23 रन बना चुके थे। सुदर्शन को रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटना पड़ा। सुदर्शन के स्थान पर निशांत संधु (1) मैदान पर आए, लेकिन एक ओवर बाद उनका विकेट भी गिर गया। यहां से कप्तान शुभमन गिल ने मोर्चा संभाला, जिन्होंने जोस बटलर के साथ 73 गेंदों में 128 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

**कोलकाता सातवें स्थान पर पहुंची :** इसी के साथ गुजरात की लगातार पांच मैचों में जीत का सिलसिला भी टूट गया। फिलहाल टीम तालिका में 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं, केकेआर एक स्थान की छलांग लगाकर सातवें पायदान पर पहुंच गई है। इस जीत के साथ केकेआर ने प्लेऑफ की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाए हैं। अब टीम की नजर अपने अगले दोनों मुकाबले जीतने पर होगी। गिल 49 गेंदों में सात छक्कों और पांच चौकों के साथ 85 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 17वें ओवर के बीच सुदर्शन फिर से मैदान पर लौटे। उन्होंने जोस बटलर के साथ 15 गेंदों में 30 रन जुटाए। बटलर 35 गेंदों में दो छक्कों और पांच चौकों के साथ 57 रन बनाकर आउट हुए। साई सुदर्शन अंत तक क्रीज पर टिके रहे, जबकि सुदर्शन 28 गेंदों में तीन छक्कों और छह चौकों के साथ 53 रन बनाकर नाबाद रहे। लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

### केकेआर की पारी

इससे पहले, केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने फिन एलन के साथ पहले विकेट के लिए 4.3 ओवरों में 44 रन की साझेदारी की। रहाणे 14 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद एलन ने अंगकृष रघुवंशी के साथ दूसरे विकेट के लिए 41 गेंदों में 95 रन जोड़े। फिन एलन 35 गेंदों में 10 छक्कों और चार चौकों के साथ 93 रन की पारी खेलकर आउट हुए। यहां से रघुवंशी ने कैमरन ग्रीन के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 गेंदों में 108 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को 247/2 के स्कोर तक पहुंचाया। रघुवंशी 44 गेंदों में सात छक्कों और चार चौकों के साथ 82 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि कैमरून ग्रीन ने 28 गेंदों में चार छक्कों और तीन चौकों के साथ 52 रन की नाबाद पारी खेली। विपक्षी खेमे से मोहम्मद सिराज और साई किशोर ने एक-एक सफलता हासिल की।

# बुमराह केवल एक प्रारूप का होंगे हिस्सा? नबी ही नहीं, इस तूफानी बॉलर को भी मिल सकता है मौका

**मुंबई।** भारत और अफगानिस्तान के बीच जून में होने वाली टेस्ट और वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान 19 मई को हो सकता है। चयन समिति तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए उन्हें सिर्फ एक फॉर्मेट में खिलाने पर विचार कर रही है। वहीं आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रिंस यादव और रणजी में दमदार गेंदबाजी करने वाले आकिब नबी को मौका मिल सकता है। टेस्ट टीम में ज्यादा प्रयोग की संभावना नहीं है, जबकि वनडे सीरीज में कुछ नए चेहरों को आजमाया जा सकता है।

भारत और अफगानिस्तान के बीच अगले महीने होने वाली टेस्ट और वनडे सीरीज के लिए टीम चयन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। खबरों के मुताबिक, चयन समिति तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए बड़ा फैसला ले सकती है। माना जा रहा है कि बुमराह या तो







एकमात्र टेस्ट मैच खेलेंगे या फिर तीन मैचों की वनडे सीरीज का हिस्सा होंगे।

**बुमराह के वर्कलोड पर खास नजर:** आईपीएल 2026 में लगातार क्रिकेट खेलने के बाद टीम मैनेजमेंट बुमराह को ज्यादा थकान से बचाना चाहता है। छह से 10 जून तक न्यू चंडीगढ़ में एकमात्र टेस्ट खेला जाएगा, जबकि 14 जून से वनडे सीरीज शुरू होगी। ऐसे में चयनकर्ता यह तय करना चाहते हैं कि बुमराह को किस फॉर्मेट में इस्तेमाल किया जाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगर बुमराह टेस्ट मैच खेलते हैं तो उन्हें वनडे सीरीज से आराम दिया जाएगा। वहीं अगर वह वनडे खेलते हैं तो टेस्ट मैच से बाहर रह सकते हैं।

**प्रिंस यादव को मिल सकता है इनाम:** दिल्ली के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने पिछले कुछ महीनों में शानदार प्रदर्शन किया है। विजय हजारे ट्रॉफी में आठ मैचों में 17 विकेट लेने वाले प्रिंस ने आईपीएल 2026 में भी अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया।

# गुजरात को हराकर कोलकाता ने बढ़ाई बाकी टीमों की टेंशन

## प्लेऑफ के लिए रेस हुई और दिलचस्प



**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने गुजरात टाइटंस को 29 रन से हराकर आईपीएल 2026 के प्लेऑफ की रेस को और रोमांचक बना दिया है। इस जीत के बाद केकेआर की क्वालिफिकेशन संभावना 2.6 प्रतिशत से बढ़कर 7.1 प्रतिशत हो गई है। फिन एलेन, अंगकृष रघुवंशी और कैमरन ग्रीन की विस्फोटक पारियों के बाद सुनील नरेन की कसी हुई गेंदबाजी ने गुजरात को लक्ष्य तक पहुंचने नहीं दिया। हालांकि गुजरात लगभग प्लेऑफ में पहुंच चुका है, लेकिन शीर्ष-2 में जगह बनाने की लड़ाई अब और दिलचस्प हो गई है।

आईपीएल 2026 के प्लेऑफ की तस्वीर हर मुकाबले के साथ बदलती नजर आ रही है।

शनिवार को ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स की स्थिति लगभग करो या मरो जैसी थी। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली टीम के पास प्लेऑफ में पहुंचने की बेहद कम संभावना बची थी और गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार उनके अभियान का लगभग अंत कर सकती थी।

लेकिन केकेआर ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ गुजरात को 29 रन से हराया, बल्कि प्लेऑफ की रेस में नया मोड़ भी ला दिया। इस जीत के बाद कोलकाता की क्वालिफिकेशन संभावना बढ़कर 7.1 प्रतिशत पहुंच गई है।

### प्लेऑफ की रेस में केकेआर की जोरदार वापसी

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 12 | 8 | 4 | 0 | 16 | +1.053 |
| गुजरात टाइटंस | 13 | 8 | 5 | 0 | 16 | +0.400 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 0 | 14 | +0.331 |
| पंजाब किंग्स | 12 | 6 | 5 | 1 | 13 | +0.355 |
| राजस्थान रॉयल्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | +0.082 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 12 | 6 | 6 | 0 | 12 | +0.027 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 12 | 5 | 6 | 1 | 11 | -0.038 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 5 | 7 | 0 | 10 | -0.993 |
| मुंबई इंडियंस (बाहर) | 12 | 4 | 8 | 0 | 8 | -0.504 |
| लखनऊ सुपर जाएंट्स (बाहर) | 12 | 4 | 8 | 0 | 8 | -0.701 |

### प्लेऑफ रेस का पूरा समीकरण

मुकाबले से पहले गुजरात टाइटंस प्लेऑफ में पहुंचने की सबसे मजबूत दावेदार टीम मानी जा रही थी। हालांकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का नेट रनरेट बेहतर था, लेकिन गुजरात के पास लगातार जीत की वजह से बढ़त थी। गुजरात की हार के बाद अब आरसीबी के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना 96.5 प्रतिशत हो गई है, जबकि गुजरात 96 प्रतिशत पर पहुंच गया है। दोनों टीमें लगभग अगले दौर में जगह पक्की कर चुकी हैं। सबसे दिलचस्प लड़ाई बाकी दो स्थानों के लिए है। सनराइजर्स हैदराबाद की संभावनाएं 70.3 प्रतिशत से बढ़कर 70.8 प्रतिशत हो गई हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स को केकेआर की जीत से हल्का नुकसान हुआ है।

# एलिना स्वितोलिना ने जीता इटैलियन ओपन का खिताब

## फाइनल में कोको गॉफ को हराया

**रोम।** पुरुषों के ड्रॉ में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने शनिवार को सातवें सीड दानिल मेदवेदेव के खिलाफ बारिश की वजह से रुका हुआ अपना सेमीफाइनल मैच पूरा किया। उन्होंने 6-2, 5-7, 6-4 से जीत दर्ज करते हुए फाइनल का टिकट कटाया, जहां उनका सामना 23वें सीड वाले कैस्पर रूड से होगा।

सातवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विमेंस सिंगल्स फाइनल मुकाबले में कोको गॉफ को दो घंटे तक चले मैच में 6-4, 6-7 (3), 6-2 से हराकर इटैलियन ओपन के खिताब को अपने नाम किया।

दूसरी वरीयता प्राप्त एलेना रायबाकिना और सेमीफाइनल में इगा स्वियाटेक को हराकर फाइनल में पहुंचीं स्वितोलिना पिछले साल की रनर-अप गॉफ के खिलाफ शुरूआत में दबाव में दिखाई दीं और पहले सेट में 2-4 से पीछे चल रही थीं। मैच का टर्निंग पॉइंट आठवें गेम में आया, जब गॉफ ने 40-0 की लीड बनाने के बाद दो बार डबल-फॉल्ट किया, जिससे स्वितोलिना को ब्रेक बैक करने का मौका मिला। शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेनी खिलाड़ी स्वितोलिना ने फिर नौवें गेम में तीन ब्रेक पॉइंट बचाकर सर्व बनाई रखी और सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया।

दूसरा सेट में स्वितोलिना और गॉफ के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। गॉफ ने 11वें गेम में अहम ब्रेक लिया, लेकिन जब वह सेट जीतने के लिए सर्व कर रही थीं, तब स्वितोलिना ने तुरंत वापसी करते हुए ब्रेक हासिल कर लिया और मुकाबला टाईब्रेक तक पहुंच गया। टाईब्रेक में गॉफ ने शानदार खेल दिखाया और सेट को 7-3 से अपने नाम करते हुए मैच को बराबरी पर ला दिया।



स्वितोलिना ने पांचवें और सातवें गेम में ब्रेक करके निर्णायक सेट में कंट्रोल वापस पा लिया। चैंपियनशिप के लिए सर्व करते हुए, उन्होंने बैकहैंड वॉली लगाकर अपनी जीत पक्की करने से पहले तीन ब्रेक पॉइंट बचाए। यह जीत रोम में उनका



तीसरा सिंगल्स टाइटल और उनके करियर का 20वां डब्ल्यूटीए सिंगल्स टाइटल है। मैच के बाद स्वितोलिना ने कहा, 'निश्चित रूप से यह एक बहुत मुश्किल लड़ाई थी।' उन्होंने कहा कि जिस तरह से पूरे टूनार्मेंट में उन्होंने अपनी घबराहट को संभाला उससे मैं काफी खुश हूं।' पुरुषों के ड्रॉ में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने शनिवार को सातवें सीड दानिल मेदवेदेव के खिलाफ बारिश की वजह से रुका हुआ अपना सेमीफाइनल मैच पूरा किया। उन्होंने 6-2, 5-7, 6-4 से जीत दर्ज करते हुए फाइनल का टिकट कटाया, जहां उनका सामना 23वें सीड वाले कैस्पर रूड से होगा।


# महज 21 साल की उम्र में अंगकृष रघवुंशी ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड, एक ही सीजन में ठोके पांच अर्धशतक

**कोलकाता।** अंगकृष महज 21 साल की उम्र में एक आईपीएल सीजन में सर्वाधिक अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी ने बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। वह महज 21 साल की उम्र में एक आईपीएल सीजन में सर्वाधिक अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

### रघुवंशी का रिकॉर्ड

21 साल और 345 दिन की उम्र में रघुवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ महज 33 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जो उनके आईपीएल करियर का सातवां अर्धशतक था। एक आईपीएल सीजन में 21 साल की उम्र में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में ऋषभ पंत



(साल 2018) और यशस्वी जायसवाल (साल 2023) शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 6-6 बार यह कारनामा किया है। वहीं, देवदत्त पड्डिकल ने साल 2022 में पांच बार ऐसा किया था।

### रघुवंशी के पांच अर्धशतक

अंगकृष रघुवंशी ने इस आईपीएल सीजन के अपने पहले ही मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 51 रन की पारी खेली थी। इसके बाद उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 52 रन बनाए। अंगकृष ने तीन मई को सनराइजर्स हैदराबाद के विरुद्ध दूसरे मैच में भी अर्धशतक (59) लगाया, जिसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 71 रन की पारी खेली।

### केकेआर की पारी

आईपीएल 2026 के 60वें मुकाबले में केकेआर ने 20 ओवरों में दो विकेट खोकर 247 रन बनाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने फिन एलन के साथ पहले विकेट के लिए 4.3 ओवरों में 44 रन की साझेदारी की। रहाणे 14 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद एलन ने अंगकृष रघुवंशी के साथ दूसरे विकेट के लिए 41 गेंदों में 95 रन जोड़े।

यहां से रघुवंशी ने कैमरन ग्रीन के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 गेंदों में 108 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को 247/2 के स्कोर तक पहुंचाया।

# गाजियाबाद आसपास




## ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेला: श्रद्धालुओं को जाम से मिलेगी राहत
# चार दिन मालवाहक वाहनों के लिए रहेगा रूट डायवर्जन

**हापुड़।** चार दिन मालवाहक वाहनों के लिए रहेगा रूट डायवर्जन ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व 25 मई को मनाया जाएगा। इस दौरान गंगानगरी में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने का अनुमान है। इस पर्व पर पालिका स्तर से सात दिवसीय मेले का आयोजन होगा। एसपी ठाकुर ज्ञानंज्य सिंह बताया कि ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व के दौरान 23 तारीख की सुबह आठ बजे से 26 मई की रात 12 बजे तक हाईवे पर भारी, हल्के मालवाहक वाहनों को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है।

ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व के मद्देनजर राहगीरों और श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा को लेकर पुलिस-प्रशासन ने चार दिन तक हाईवे पर मालवाहक वाहनों के लिए रूट डायवर्जन किया है। एसपी ने अधिनस्थों को रूट डायवर्जन का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व 25 मई को मनाया जाएगा। इस




दौरान गंगानगरी में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने का अनुमान है। इस पर्व पर पालिका स्तर से सात दिवसीय मेले का आयोजन होगा। एसपी ठाकुर ज्ञानंज्य सिंह बताया कि ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व के दौरान 23 तारीख की सुबह आठ बजे से 26 मई की रात 12 बजे तक हाईवे पर भारी, हल्के मालवाहक वाहनों को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर हल्के वाहनों को भी डायवर्जन किया जाएगा। वहीं, जाम अथवा अधिक भीड़ होने की दशा में कुछ समय के लिए जीरो ट्रैफिक भी किया जा सकता है।

### यह रहेगी रूट डायवर्जन की रूपरेखा

सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि इस दौरान वाहनों को नियंत्रित करने के लिए हाईवे पर पुलिस और यातायात कर्मियों की तैनाती की जाएगा। वाहनों को वैकल्पित मार्गों से निकाला जाएगा। जिसके तहत : दिल्ली/गाजियाबाद से मुरादाबाद जाने वाला यातायात

- दिल्ली और जनपद गाजियाबाद की ओर से आकर मुरादाबाद की ओर जाने वाले भारी वाहनों को छिजारसी, धौलाना, गुलावठी होते हुए जनपद बुलंदशहर, नरोरा, बबराला, बहजोई, डिबाई, चंदौसी के रास्ते होकर भी मुरादाबाद भेजा जाएगा।

### हापुड से मुरादाबाद जाने वाला यातायात

- हापुड से मुरादाबाद की ओर जाने वाले भारी वाहन सोना पेट्रोल पंप के सामने से गुलावठी होते हुए जनपद बुलंदशहर, नरोरा, बबराला, बहजोई, डिबाई, चंदोसी के रास्ते होकर मुरादाबाद को जाएंगे।
- हापुड की ओर से आकर गजरौला, अमरोहा और मुरादाबाद की ओर जाने वाले भारी वाहन हापुड़ से खुडलिया अंडरपास से यू-टर्न लेकर गंगा एक्सप्रेसवे से होते हुए हसनपुर, गंवा कट (जनपद अमरोहा क्षेत्र) के रास्ते होकर अपने अपने गंतव्य स्थान को जाएंगे।

### मेरठ से मुरादाबाद जाने वाला यातायात

सीओ ने बताया कि मेरठ वाया मवाना की ओर जाने वाले भारी वाहन गजरौला, हसनपुर, हसनपुर गंवा, गंगा एक्सप्रेसवे के रास्ते होकर अपने-अपने गंतव्य स्थान को भेजे जाएंगे।

## दुकान में लगी आग लाखों का सामान जला

**दादरी।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड स्थित पटवारी के बाग के समीप अन्नपूर्णा स्वीट्स हाउस में रविवार दोपहर अचानक आग लग गई। दमकल की दो गाड़ियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में लाखों का सामान जल गया। पुलिस आग लगने के कारण का पता लगा रही है।

कोतवाली प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि दोपहर में स्वीट्स हाउस से अचानक धुआं निकलने पर वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया। जब तक भीड़ जुटती तब तक लपटें उठनी शुरू हो गईं। लपटों को देखकर लोगों में अफरातफरी मच गई। हादसे की सूचना पाकर दमकल की दो गाड़िया पहुंचीं और लोगों के सहयोग से आग बुझाना शुरू किया। करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया गया। इस दौरान दुकान के फर्नीचर व अन्य सामान जल गए। सीएफओ प्रदीप कुमार का कहना है कि आग में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

## शिप्रा सनसिटी फेज-1 की पहली आम सभा में भारी हंगामा
# चुनाव कमेटी को लेकर भिड़े दो पक्ष

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के शिप्रा सनसिटी फेज-वन की पहली आम सभा रविवार को हंगामे की भेंट चढ़ गई। सोसायटी की नई चुनाव कमेटी के गठन और उसमें शामिल नामों को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों गुटों के बीच तीखी नोकझोंक और हंगामा शुरू हो गया, जिसके चलते बैठक को बिना किसी नतीजे के स्थगित करना पड़ा।

अब अगले 48 घंटे के भीतर दोबारा आमसभा बुलाने का निर्णय लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, बैठक की शुरूआत तो सामान्य रही, लेकिन जैसे ही चुनाव कमेटी के लिए नामों की घोषणा की जाने लगी, दूसरे पक्ष ने इस पर कड़ा ऐतराज जता दिया। विरोधी पक्ष का साफ तौर पर कहना था कि चुनाव निष्पक्ष होने चाहिए और इस कमेटी में उनके पक्ष के लोगों को भी बराबर की





जगह मिलनी चाहिए।

कमेटी में प्रतिनिधित्व की मांग को लेकर स्थानीय पार्षद संजय सिंह की टीम और प्रशांत राघव की टीम के सदस्य आमने-सामने आ गए। दोनों टीमों के बीच काफी देर तक बहस और नारेबाजी होती रही। हंगामे को बढ़ता देख वरिष्ठ सदस्यों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन गतिरोध दूर नहीं हो सका। माहौल गरमाने के कारण अंततः सभा को बीच में ही रोकना पड़ा। कोषाध्यक्ष रोहित गुप्ता ने बताया सभी पक्षों की सहमति से अगले 48 घंटों के भीतर दोबारा आमसभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सर्वसम्मति से आगे का फैसला लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2025 में 26 का सब सम्मति से बजट पास हुआ है, वहीं 2026 और 27 के लिए भी 4 करोड़ के करीब का बजट पास हुआ है। वही ऑर्डर ऑडिटर की भी नियुक्ति की गई है।

# दिन निकलते ही महिला से दो लाख की सोने की चेन लूटी

**पैदल आए युवक ने वारदात की और बाइक सवार साथी संग फरार**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कवि नगर थानाक्षेत्र के गोविंदपुरम क्षेत्र में बदमाशों ने दिन निकलते ही एक महिला को निशाना बनाते हुए उनके गले से सोने की चेन और हीरे का लॉकेट लूट लिया।




वारदात उस समय हुई, जब महिला अपने सहकर्मी की गाड़ी का इंतजार कर रही थीं। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। गोविंदपुरम जी-ब्लॉक निवासी डॉ. कल्पना सागर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे घर से कार्यालय जाने के लिए निकली थीं।

वह जी-ब्लॉक मंदिर चौराहे पर खड़ी होकर अपने सहयोगी की गाड़ी का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान सुबह करीब 7 बजकर 38 मिनट पर एक युवक पैदल उनकी तरफ आया और अचानक गले में पहनी सोने की चेन तथा हीरे का लॉकेट झपट लिया। चेन लूटने के बाद आरोपी तेजी से करीब सौ मीटर दूर खड़े अपने साथी के पास पहुंचा, जो मोटरसाइकिल लेकर पहले से तैयार खड़ा था। इसके बाद दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना इतनी तेजी से हुई कि महिला संभल भी नहीं सकीं। बाद में उन्होंने तुरंत पुलिस सहायता नंबर पर सूचना दी। पीड़िता के अनुसार बदमाश करीब दस ग्राम सोने की चेन और हीरे का लॉकेट लूटकर ले गए हैं, जिनकी कीमत लगभग दो लाख रुपये बताई गई है।

### कैमरों की फुटेज खंगाल रही पुलिस


**करंट क्राइम :** कविनगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसीपी कविनगर सूर्यबलि मौर्य ने बताया कि घटनास्थल और आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फुटेज में संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार दिखाई दिए हैं। उनकी पहचान कर जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।






## एक बार पिंक पर्चियों की भी हो जाए जांच

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों साहब के कार्यालय से लेकर थानों और कई अन्य कार्यालय में पिंक पर्ची प्रदान की जा रही है। अब बताया जा रहा है कि एक ही मामले में कई कई बार पर्ची कट जाती है, पर समस्या का समाधान नहीं होता है। अब पर्ची चाहे मुख्यालय वाले कार्यालय से गई हो या दफ्तर या थाने की किसी हेल्प डेक्स से पर्ची के अधिकांश मामलों में लंबित और देरी की ही जानकारी निकल कर आ रही है। अब सवाल उठ रहा है कि जब इतनी बड़ी सेल बनाई गई है। मॉनिटरिंग से लेकर कई और सेल भी हैं, जो पुलिसकर्मियों की वर्किंग पर नजर रखने का काम करती हैं। तो क्या अलग-अलग थानों, कार्यालयों और साहब लोगों के कार्यालय की पिंक पर्चियों की भी जांच नहीं होनी चाहिए। सवाल उठ रहा है कि पिंक पर्ची के एक मामले को लेकर नदिया पार से कोई बड़े वाले साहब के पास तक गया है। उसने पर्ची की जो डेट दिखाई है, उससे अधिकारी के ही होश उड़ गए थे। बताया जा रहा है की पर्ची फरवरी की कटी थी और मामला मई में पहुंच चुका है लेकिन समाधान वाला सॉल्यूशन नहीं निकल पाया है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस तरीके से दो गज वाला अभियान चल रहा था। उसमें देहात वाले एक एक टू-स्टार की पुलिसिंग की पोल खुली है। गर्मी और नमी वाला सीन भी दिखाई दिया है, तो बिगड़ैल बोल भी सुनाई दे रहे हैं। वहीं बताया यह जा रहा है कि बीते दिनों नंबर दो की पोजीशन वाले साहब ने सिटी के एक थाने में कई चौकी प्रभारियों की मीटिंग ली थी। जिसमें उस चौकी वाले क्षेत्र में लूट की वारदात हुई हैं, जहां उन्होंने चौकी वाले प्रभारी को जमकर रगड़ा था। आखिरी चेतावनी दी थी तो कई और को टारगेट पर लिया था। अब सवाल उठ रहा है कि जब दिन निकलने से पहले महिला अपराध हो जाए और उसके बाद कोई एक्शन ना लिया जाए, तो मामला क्या समझा जाए। कुल मिलाकर जिस तरीके से पिंक पर्ची को लेकर प्रमुखता दिखाई जा रही है, अगर इन पर्चियोकं की जांच भी कराई जाए, तभी पीड़ितों को न्याय मिल पाएगा वरना कागजी कार्रवाई तक सीमित रह जाएगा। कुल मिलाकर देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एसीपी स्तर के अधिकारियों की लिस्ट कब जारी होती है। वैसे लखनऊ वाले बता रहे हैं की लिस्ट का मामला फाइनल नहीं हुआ है, इसीलिए लिस्ट को लेकर अभी वेट वाला सीन बना रहेगा।




## वैभव लक्ष्मी सेवा समिति का पुनर्गठन, सतीश नागर बने अध्यक्ष

**नोएडा।** सेक्टर बीटा-2 के आई ब्लॉक स्थित वैभव लक्ष्मी मंदिर परिसर में पिछले कुछ वर्षों के दौरान हुई चोरी की घटनाओं और मंदिर व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को श्री वैभव लक्ष्मी सेवा समिति की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से समिति का पुनर्गठन कर सतीश नागर को अध्यक्ष चुना गया।

बैठक में समिति के सदस्यों के साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, धार्मिक आयोजनों के बेहतर संचालन और सामाजिक गतिविधियों को व्यवस्थित ढंग से चलाने की विस्तार से चर्चा की गई। समिति के पुनर्गठन में विनोद भाटी को संरक्षक, अनिल कुमार चौधरी को उपाध्यक्ष, प्रवीण कुमार चौहान को महासचिव, अरुण कुमार लवानिया को संयुक्त सचिव, राजवीर तोमर को कोषाध्यक्ष, सुंदर भाटी को उप-कोषाध्यक्ष, सुरेन्द्र सिंह को सांस्कृतिक कार्यकर्ता तथा रविन्द्र कुमार शर्मा को प्रवक्ता बनाया गया।

## संतोष मेडिकल कॉलेज में थैलेसीमिया जागरूकता एवं स्क्रीनिंग अभियान आयोजित








**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** संतोष मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के लेक्चर थिएटर में शनिवार को थैलेसीमिया जागरूकता और स्क्रीनिंग अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा छात्रों और आम लोगों को इस गंभीर आनुवंशिक बीमारी के प्रति सचेत करना और समय पर जांच के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम में 150 से अधिक मेडिकल छात्रों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में कॉलेज की डीन डॉ. अलका अग्रवाल ने कहा कि थैलेसीमिया से बचाव के लिए शादी से पहले या समय रहते स्क्रीनिंग कराना बेहद जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित किया जा सके।

जीएम (मार्केटिंग) डॉ. श्वेता चौधरी ने इस अभियान के सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान रोटरी क्लब के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रमेश अग्रवाल और संदीप मिगलानी ने नियमित रक्तदान और समय पर जांच की आवश्यकता पर जोर दिया।

वहीं, जिंदल पाइप्स लिमिटेड के डॉ. डी.के. उपाध्याय और हरीश ध्यानी ने भी जनभागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष हॉस्पिटल की आईएसआर व मार्केटिंग टीम सहित 'ब्लड डोनेट, नई दिल्ली' की मेडिकल टीम ने स्क्रीनिंग गतिविधियों में विशेष सहयोग दिया।

## मलकपुर स्टेडियम के आउटडोर मैदान का होगा सौंदर्यीकरण

**नोएडा।** सूरजपुर क्षेत्र स्थित मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम का आउटडोर मैदान जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। लंबे समय से अधूरे पड़े स्टेडियम के विकास कार्य को अब गति मिलने जा रही है। शासन ने मैदान के सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए 1.41 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड



(यूपीएससीआईडीसी) को सौंपी गई है। शनिवार को यूपी सिडको की तकनीकी टीम और जेई रोहित पांडेय ने स्टेडियम का निरीक्षण कर प्रस्तावित कार्यों का जायजा लिया।

### मैदान में उच्च गुणवत्ता वाली घास लगाई जाएगी

प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ. परवेज अली ने बताया कि मैदान में उच्च गुणवत्ता वाली घास लगाई जाएगी, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास सुविधा मिल सके। साथ ही खिलाड़ियों और दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिसर में टाइल्स, बैठने की व्यवस्था और अन्य आधारभूत सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा। स्टेडियम विकसित होने के बाद एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, हैंडबॉल और वॉलीबॉल जैसे खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं और चयन ट्रायल आयोजित किए जा सकेंगे। अभी तक खेल विभाग को कई प्रतियोगिताओं के लिए निजी स्कूलों और अकादमियों पर निर्भर रहना पड़ता था। अधिकारियों का कहना है कि स्टेडियम तैयार होने से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को बड़ा लाभ मिलेगा और खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

## महागुन मंत्रा-2 में रजिस्ट्री शुरू होने से मिलेगा मालिकाना हक, निवासियों ने खुशी

**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित महागुन मंत्रा-2 सोसाइटी के निवासियों की रजिस्ट्री जल्द शुरू होने से उम्मीद बढ़ गई है। निवासियों का कहना है कि साढ़े तीन वर्षों से अधिक समय तक अपनी रजिस्ट्री के लिए लगातार संघर्ष किया। कई बार बिल्डर, प्राधिकरण और जिला प्रशासन के चक्कर लगाए, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया। मजबूर होकर महागुन मंत्रा-2 में रहने वाले लोगों ने नेफोमा के मुख्य सलाहकार दीपक दुबे के नेतृत्व में उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। न्यायालय ने 90 दिनों के भीतर उनकी मांगों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं।



दीपक दुबे का कहना है कि सभी निवासी एक परिवार की तरह हैं और नेफोमा ऐसे पीड़ित खरीदारों के साथ हर संभव तरीके से खड़ा रहेगा। नेफोमा अध्यक्ष अन्नू खान ने कहा कि इस तरह की समस्या से ग्रेनो वेस्ट की कई सोसाइटियों के निवासी परेशानी हैं। बिल्डर एवं प्राधिकरण के बीच खींचतान के कारण रजिस्ट्री प्रक्रिया बाधित हो रही है। न्यायालय से निर्देश प्राप्त होने के बाद सोसाइटी निवासियों में काफी उल्लास देखने को मिला और लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर संतोष सिंह, राहुल, प्रवीण, संतोष आनंद, साकेत, अंकित, संतोष श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## दौलतराम मार्केट में ट्रांसफार्मर में फॉल्ट से अंधेरे में रहे 100 परिवार

**नोएडा।** दादरी में दौलतराम मार्केट में रखे ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी के चलते 12 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप है। बिजली कटौती के कारण रात और दिन में करीब 100 परिवार गर्मी से जूझते रहे। हालांकि देर रात में बिजली की आपूर्ति शुरू की गई। इसके बाद भी बिजली आती-जती रही।




दादरी के रेलवे रोड पर दौलतराम मार्केट में रखे ट्रांसफार्मर में तकनीकी खामी आने के चलते करीब सौ परिवारों की बिजली आपूर्ति बंद हो गई। शनिवार दोपहर से बिजली गुल रही। लोग बिजली की आपूर्ति कराने के लिए विभाग के अधिकारियों के फोन करने में जुटे रहे।

लेकिन अधिकारियों के फोन बंद रहे। देर रात करीब एक बजे के बाद बिजली की आपूर्ति बहाल की गई। इसके बाद भी सारी रात और रविवार दिन में बिजली की आंख मिचौली होती रही। दादरी निवासी सुनील भाटी का कहा है कि बिजली विभाग के अधिकारी दादरी में नहीं बैठते है। बिजली ठप होने के बाद अधिकारी फोन बंद करके बैठ जाते है।

## गांव गन्दूनगला में बनाया तीन घरों को निशाना
# लाखों के जेवर-नगदी पर हाथ साफ, रात में घरों में घुसे बदमाश

**हापुड़।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव गन्दूनगला में बदमाशों ने एक ही रात में तीन घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवर और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है, जबकि ग्रामीणों ने पुलिस गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुटी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।



पीड़ित किसान संदीप, दलवीर और अमरपाल के घरों में देर रात बदमाश घुस आए। बताया गया कि बदमाशों ने घरों में रखी नगदी, सोने-चांदी के जेवर और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। सुबह परिवार के लोगों को घटना की जानकारी हुई। सूचना मिलने पर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर एकत्र हो गए। पीड़ित परिवारों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से पुलिस गश्त कमजोर है, जिसका फायदा उठाकर बदमाश लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीणों ने रात में नियमित गश्त बढ़ाने और जल्द खुलासे की मांग की है।

उधर, पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। शुरूआती जांच में चोरी और लूट दोनों बिंदुओं पर पड़ताल चल रही है।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने जानी ड्रोन टेक्नोलॉजी की बारीकियां

**सोनीपत (करंट क्राइम)।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा छात्रों के लिए आईआईटी दिल्ली के सोनीपत परिसर स्थित 'ड्रोन टेक्नोलॉजी पार्क' में एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में एआईएमएल और साइबर सिक्योरिटी पढ़ रहे बी.टेक (ऑनर्स) प्रथम वर्ष के लगभग 70 छात्रों ने भाग लिया।




भ्रमण के दौरान छात्रों को सिमुलेशन के जरिए बिना किसी जोखिम के ड्रोन उड़ाने की ट्रेनिंग दी गई और रियल-टाइम फ्लाइट का लाइव डेमो भी दिखाया गया। छात्रों ने यहाँ एआई-आधारित ड्रोन, सुरक्षा और निगरानी के लिए स्मार्ट ड्रोन, कृषि क्षेत्र में उपयोगी ड्रोन और हेक्साकॉप्टर जैसे एडवांस मॉडल को करीब से देखा और उनकी कार्यप्रणाली को समझा।

विश्वविद्यालय के चांसलर महेंद्र अग्रवाल और प्रो-चांसलर पीयूष श्रीवास्तव ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के दौर में किताबी ज्ञान के साथ-साथ ऐसा व्यावहारिक अनुभव छात्रों के कौशल विकास के लिए बेहद जरूरी है। वहीं वाइस चांसलर डॉ. प्रसेनजीत कुमार और निदेशक डॉ. जयदीप कुमार ने छात्रों को भविष्य के करियर विकल्पों के लिए प्रेरित किया। इस सफल भ्रमण का संचालन सहायक प्राध्यापक श्री शहनवाज आलम एवं सविता जोशी द्वारा किया गया।







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक शिष्य का अपने गुरू के प्रति श्रद्धा आदर भाव है। विशाल वर्मा ने एसडी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य देवेन्द्र देव को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनायें दीं। विशाल वर्मा ने जन्मदिन पर उनकी लम्बी आयु और यशस्वी जीवन की कामना की। समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विशाम वर्मा ने इस पोस्ट को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## कोलंबिया में राष्ट्रपति चुनावः उम्मीदवार के सहयोगी पूर्व महापौर की गोली मारकर हत्या

**कोलंबिया।** कोलंबिया के मध्य क्षेत्र में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार एबेलार्डो दे ला एस्प्रिएला से जुड़े एक पूर्व महापौर की शनिवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनके एक सहयोगी की भी हत्या हुई। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक रोजर्स देविया और उनके कर्मचारी एडेर काडोर्ना की हत्या राजनीतिक हिंसा की नवीनतम घटना है। यह क्षेत्र दो आतंकवादी समूहों और ऋअफ्छ के एक अलग समूह के बीच विवादित है। देविया की हत्या क्यूबरल के ग्रामीण इलाके में बंदूकधारियों के हमले में हुई। उन्होंने 2020 से 2023 तक इस शहर पर शासन किया था, जो राजधानी बोगोटा से 170 किलोमीटर दक्षिण में है। पब्लिक डिफेंडर कार्यालय ने कहा कि ये हत्याएं 31 मई को होने वाले राष्ट्रपति चुनावों से पहले लोकतांत्रिक भागीदारी को नुकसान पहुंचा सकती हैं। आंतरिक मंत्री आमंडो बेनेडेटी ने बताया कि हमले का कारण अज्ञात है। पुलिस ने हाल ही में उसी शहर में एक अन्य उम्मीदवार के कर्मचारी पर हमले को रोका था।

# ट्रंप के दौरे के बाद अब पुतिन जाएंगे चीन

## जिनपिंग के साथ रणनीतिक साझेदारी पर होगी बात



**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 19 से 20 मई तक चीन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान उनके और शी जिनपिंग के बीच आपसी संबंधों, वैश्विक मुद्दों, व्यापार और आपसी सहयोग पर अहम बातचीत होने की उम्मीद है।

रूस के विदेश मंत्रालय ने अपने आधिकारिक टेलीग्राम चैनल पर पुष्टि की है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 19 से 20 मई तक चीन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। पुतिन यह यात्रा चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर कर रहे हैं।

रूस के विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह यात्रा अच्छे पड़ोसी, दोस्ती और सहयोग की संधि पर हस्ताक्षर होने की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित की गई है। यह संधि दोनों देशों के बीच अंतरराज्यीय संबंधों के लिए एक बुनियादी और महत्वपूर्ण दस्तावेज मानी जाती है।

### द्विपक्षीय मुद्दों पर होगी बातचीत

अपनी इस यात्रा के दौरान पुतिन और शी जिनपिंग द्विपक्षीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करेंगे। वे रूस और चीन के बीच व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग को और अधिक गहरा करने के रास्तों पर विचार करेंगे। इसके साथ ही दोनों नेता दुनिया के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी एक-दूसरे के साथ अपने विचार साझा करेंगे। दोनों नेताओं के 'रूस और चीन के शिक्षा वर्ष 2026-2027' के आधिकारिक उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने की भी उम्मीद है। आधिकारिक बयान के अनुसार, बातचीत खत्म होने के बाद दोनों देशों के बीच उच्चतम स्तर पर एक संयुक्त बयान जारी किया जाएगा। इसके अलावा कई द्विपक्षीय सरकारी, विभागीय और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर भी हस्ताक्षर होने की संभावना है।

### चीन के प्रधानमंत्री के साथ पुतिन करेंगे बैठक

पुतिन के इस दौरे के कार्यक्रम में चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग के साथ एक विशेष बैठक भी शामिल है। इस बैठक में दोनों पक्ष व्यापार और आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने एक ब्रीफिंग में बताया कि पुतिन की चीन यात्रा की तैयारियां अब अपने अंतिम चरण में हैं और अब केवल इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### इससे पहले ट्रंप ने की है यात्रा

दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी चीन यात्रा के दौरान बताया कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के 24 सितंबर के आसपास अमेरिका आने की उम्मीद है। ट्रंप ने इसे एक 'पारस्परिक' यात्रा करार दिया। बीजिंग में शी जिनपिंग के साथ मुलाकात के दौरान ट्रंप ने चीनी नेतृत्व का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि शी जिनपिंग और उनके प्रतिनिधि बहुत अच्छे लोग हैं और उनके साथ काम करना सम्मान की बात है। ट्रंप ने अपनी इस यात्रा को एक सुखद अनुभव बताया। दो दिनों की महत्वपूर्ण बैठकों के बाद शुक्रवार को ट्रंप चीन से रवाना हो गए।

## कांगो और युगांडा में इबोला वायरस का कहर
## WHO ने वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल किया घोषित

**अबूजा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने रविवार को कांगो और युगांडा में इबोला के प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया। 300 से अधिक संदिग्ध मामले और 88 मौतें हुई हैं। यह प्रकोप बंडिबुग्यो वायरस के कारण हुआ है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयसस ने कांगो और युगांडा में इबोला के प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है। यह घोषणा रविवार, 17 मई 2026 को 300 से अधिक संदिग्ध मामलों और 88 मौतों के बाद की गई। यह वायरस संक्रमित जानवरों से मनुष्यों में फैलता है। इसके लक्षणों में बुखार, उल्टी और आंतरिक रक्तस्राव शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ ने संक्रमण को रोकने के लिए सख्त उपायों की सिफारिश की है।

इसमें स्वच्छता और संक्रमित व्यक्तियों से दूरी बनाए रखना शामिल है। कांगो में जिस इलाके में यह वायरस मिला, उसके पास बहने वाली इबोला




नदी के नाम पर इसका नाम रखा गया।

**बुंडिबुग्यो वायरस के कारण प्रकोपः** डब्ल्यूएचओ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि यह प्रकोप बुंडिबुग्यो वायरस के कारण हुआ है। संगठन ने स्पष्ट किया कि यह स्थिति कोविड-19 महामारी जैसी नहीं है। यह प्रकोप महामारी आपातकाल के मानदंडों को पूरा नहीं करता है। डब्ल्यूएचओ ने अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को बंद न करने की सलाह दी है। इसका उद्देश्य अनावश्यक यात्रा और व्यापार प्रतिबंधों से बचना है। संगठन ने प्रभावित देशों को सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

**1976 में पहली बार सामने आया था इबोला का केसः** कांगो के स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार, पहला मामला एक नर्स का माना जा रहा है, जिसकी 24 अप्रैल को मौत हुई थी।

# रूस पर यूक्रेन का बड़ा ड्रोन हमला, मॉस्को के पास चार लोगों की मौत



**कीव।** रूस पर यूक्रेन ने बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया, जिसमें मॉस्को क्षेत्र समेत कई इलाकों में 4 लोगों की मौत हो गई। रूस ने 1000 से ज्यादा ड्रोन मार गिराने का दावा किया है।

रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच रविवार को यूक्रेन ने रूस पर बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया। इस हमले में मॉस्को के आसपास कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। इसे युद्ध शुरू होने के बाद रूस पर किए गए सबसे बड़े ड्रोन हमलों में से एक माना जा रहा है।

रूसी अधिकारियों के मुताबिक, मॉस्को के उत्तर-पश्चिम में स्थित खिमकी शहर में एक ड्रोन रिहायशी मकान से टकरा गया, जिससे एक महिला की मौत हो गई। वहीं राजधानी से करीब 10 किलोमीटर दूर पोगोरेलकी गांव में दो लोगों की जान चली गई।

### हवाई अड्डे पर भी गिरा ड्रोन का मलबा

रूस के सबसे बड़े एयरपोर्ट शेरमेत्येवो ने बताया कि ड्रोन का मलबा एयरपोर्ट परिसर में गिरा, लेकिन इससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। उधर यूक्रेन ने दावा किया कि रूस ने भी रातभर में 287 ड्रोन से हमला किया, जिनमें से अधिकांश को मार गिराया गया। यूक्रेन की आपातकालीन सेवाओं के अनुसार, ड्नीप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र में कई रिहायशी इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं और कम से कम 8 लोग घायल हुए हैं।

### मॉस्को के पास कई इमारतें और ढांचे प्रभावित

स्थानीय प्रशासन के अनुसार, हमले में कई बहुमंजिला इमारतों और अहम ढांचों को नुकसान पहुंचा है। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने बताया कि शहर के ऑयल रिफाइनरी इलाके के पास हुए हमले में कम से कम 12 लोग घायल हुए हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि रिफाइनरी की मुख्य तकनीकी व्यवस्था को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

### रूस का दावा- 1000 से ज्यादा ड्रोन मार गिराए

रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसकी एयर डिफेंस प्रणाली ने रातभर में 556 ड्रोन नष्ट कर दिए। वहीं पिछले 24 घंटों में 1000 से अधिक ड्रोन को मार गिराने या जाम करने का दावा भी किया गया है। मॉस्को की ओर बढ़ रहे 81 ड्रोन को भी रूसी सुरक्षा बलों ने रास्ते में ही रोक दिया।

## यूएई के बराकह परमाणु प्लांट पर ड्रोन हमला
# संघर्ष विराम पर मंडराया खतरा, ईरान पर बढ़ा शक

**दुबई।** ड्रोन हमले ने यूएई के बाराकह परमाणु संयंत्र की बाहरी सुरक्षा को भेदकर पश्चि एशिया में युद्ध की चिंगारी को फिर हवा दे दी है। भले ही परमाणु रिएक्टर पूरी तरह सुरक्षित हैं, लेकिन ईरान और अमेरिका के बीच अस्थिर संघर्ष विराम कभी भी भीषण वैश्विक ऊर्जा संकट और खुली जंग में तब्दील हो सकता है।



संयुक्त अरब अमीरात के बाराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र को रविवार को एक ड्रोन हमले में निशाना बनाया गया। इस हमले के कारण संयंत्र की बाहरी सीमा पर स्थित एक इलेक्ट्रिकल जनरेटर में आग लग गई। इस घटना ने ईरान युद्ध में चल रहे अस्थिर संघर्ष विराम को एक बार फिर खतरे में डाल दिया है।

अबू धाबी के अधिकारियों ने बताया कि इस हमले की जिम्मेदारी अभी तक किसी भी संगठन ने नहीं ली है। हालांकि, राहत की बात यह है कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। इसके साथ ही किसी भी प्रकार के रेडियोधर्मी रिसाव की बात से भी साफ इनकार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, इस हमले का सीधा शक ईरान पर गहरा गया है। ईरान पिछले कुछ दिनों से यूएई को लगातार धमकियां दे रहा था। यूएई ने हाल ही में युद्ध के दौरान इस्राइली 'आयरन डोम' मिसाइल रक्षा प्रणालियों और सैनिकों की मेजबानी की थी, जिससे ईरान बेहद नाराज है।

यूएई की ऊर्जा का मुख्य आधार बराकह संयंत्र

दक्षिण कोरिया की मदद से निर्मित 20 अरब डॉलर का बाराकह परमाणु ऊर्जा संयंत्र साल 2020 में चालू हुआ था। यह अरब प्रायद्वीप का पहला और एकमात्र परमाणु ऊर्जा संयंत्र है। यह संयंत्र यूएई की कुल बिजली जरूरतों का एक-चौथाई हिस्सा पूरा करने की क्षमता रखता है। इसके साथ ही यह अरब दुनिया का पहला वाणिज्यिक परमाणु ऊर्जा संयंत्र भी है।

यूएई के आधिकारिक बयान में इस हमले के लिए सीधे तौर पर किसी भी देश या संगठन को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है। इसके अलावा, वियना स्थित संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने भी अभी तक इस मामले पर कोई त्वरित टिप्पणी नहीं की है।

## मादुरो के करीबी सहयोगी एलेक्स साब वेनेजुएला से अमेरिका निर्वासित

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला सरकार ने निकोलस मादुरो के करीबी सहयोगी एलेक्स साब को अमेरिका निर्वासित किया है, जहां उसे न्यायिक कार्रवाई का सामना करना होगा। यह कैदी अदला-बदली में राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा माफी दिए जाने के तीन साल बाद हुआ।

सरकार ने निर्वासन का स्थान नहीं बताया, पर यह अमेरिकी आपराधिक जांचों पर आधारित है। एसोसिएटेड प्रेस ने फरवरी में बताया कि अभियोजक साब की भूमिका की जांच कर रहे हैं।

यह जांच वेनेजुएला के खाद्य आयात ठेकों से जुड़ी रिश्वतखोरी की साजिश से संबंधित है। साब ने सरकारी ठेकों से संपत्ति अर्जित की थी, जिसे अमेरिकी अधिकारी मादुरो का 'बैग मैन' बताते थे। नए वेनेजुएला नेतृत्व के सत्ता में आने के बाद साब का प्रभाव कम हो गया।

## ईरानी संसद अध्यक्ष गालिबाफ का दावा
# ढल रहा पश्चिमी वर्चस्व, ग्लोबल साउथ की अगुवाई में बन रही नई विश्व व्यवस्था

**तेहरान।** ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने दावा किया है कि दुनिया नई विश्व व्यवस्था की ओर बढ़ रही है, जिसमें ग्लोबल साउथ का नेतृत्व बढ़ेगा और पश्चिमी प्रभुत्व कमजोर हो रहा है।

ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने रविवार को वैश्विक राजनीति को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था अब एक नई विश्व व्यवस्था के मुहाने पर खड़ी है, जहां पश्चिमी देशों का पारंपरिक दबदबा तेजी से कमजोर हो रहा है और ग्लोबल साउथ का प्रभाव बढ़ रहा है। गालिबाफ ने दावा किया कि यह बदलाव एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की ओर संकेत करता है, जिसमें शक्ति का केंद्र अब कुछ पश्चिमी देशों तक



सीमित नहीं रहेगा।

**'इतिहास का बड़ा बदलाव तेज हो रहा है'**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए गालिबाफ ने कहा कि वैश्विक स्तर पर एक ऐतिहासिक परिवर्तन तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि दुनिया एक ऐसे दौर में प्रवेश कर रही है जो पिछले सौ वर्षों में सबसे बड़ा बदलाव साबित हो सकता है।

### अमेरिका और पश्चिमी प्रभुत्व पर निशाना

ईरानी स्पीकर के बयान में अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका और पश्चिमी देशों की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक दक्षिण के देश अब वैकल्पिक व्यवस्था की ओर देख रहे हैं, जहां आर्थिक और राजनीतिक स्वतंत्रता को प्राथमिकता दी जा रही है। ईरानी राज्य मीडिया प्रेस टीवी के अनुसार, गालिबाफ ने यह भी कहा कि पुरानी एकध्रुवीय व्यवस्था अब अपनी पकड़ खो रही है और दुनिया नए शक्ति संतुलन की ओर बढ़ रही है।

# पीएम मोदी बोले- नीदरलैंड यात्रा से द्विपक्षीय संबंध हुए मजबूत

**हेग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीदरलैंड दौरा पूरा कर स्वीडन रवाना हो गए हैं। उन्होंने आतिथ्य के लिए डच प्रधानमंत्री रॉब जेटेन का आभार जताया और कहा कि भविष्य में दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे। उन्होंने अपनी नीदरलैंड यात्रा में जल प्रबंधन, तकनीक और जलवायु सहयोग जैसे क्षेत्रों में साझेदारी को नई दिशा देने पर जोर दिया गया।



## डच समकक्ष का जताया आभार

### विदेश मंत्रालय ने क्या कहा?

विदेश मंत्रालय ने अफ्सलाउटडाइक बांध को 'उत्कृष्टता और नवाचार का प्रतीक' बताया। मंत्रालय ने कहा कि यह बांध जल प्रबंधन, बाढ़ सुरक्षा और मीठे पानी के भंडारण में अहम भूमिका निभाता है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, इस यात्रा ने गुजरात के कल्पसर परियोजना के लिए डच विशेषज्ञता की उपयोगिता को उजागर किया। इस परियोजना का मकसद खंभात की खाड़ी के पास मीठे पानी का जलाशय और बांध बनाना है। मंत्रालय ने कहा, इस दौरे ने जलवायु अनुकूलन, जल तकनीक और टिकाऊ बुनियादी ढांचे में भारत-नीदरलैंड सहयोग को और मजबूत करने के अवसरों को रेखांकित किया। पीएम मोदी चार देशों की यूरोप यात्रा के तहत शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर हेग पहुंचे थे। इस यात्रा में स्वीडन, नॉर्वे और इटली भी शामिल हैं। इसका मकसद कई अहम क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीदरलैंड के अब स्वीडन के लिए रवाना हो चुके हैं। इससे पहले एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने अपने डच समकक्ष रॉब जेटेन को धन्यवाद दिया और भरोसा जताया कि दोनों देशों के संबंध आने वाले समय में मजबूत होंगे।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में क्या लिखा?

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री ने लिखा, मेरी नीदरलैंड यात्रा ने भारत और नीदरलैंड के संबंधों को नई गति दी है। दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने के साथ-साथ जल संसाधन, सेमीकंडक्टर, नवाचार, रक्षा, सतत विकास और मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की एक महत्वाकांक्षी रूपरेखा तैयार की है।

उन्होंने आगे कहा, मैं गर्मजोशी से स्वागत और मुझे विदाई देने के लिए व्यक्तिगत रूप से हवाई अड्डे तक आने पर प्रधानमंत्री रॉब जेटेन का आभार व्यक्त करता हूं। मुझे भरोसा है कि आने वाले वर्षों में भारत और नीदरलैंड की दोस्ती और मजबूत होगी।

**नीदरलैंड के अफ्सलाउटडाइक बांध का दौरा किया**

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को जेटेन के साथ नीदरलैंड के प्रसिद्ध अफ्सलाउटडाइक बांध का दौरा किया।

इस दौरान भारत और नीदरलैंड ने जल प्रबंधन और जलवायु के अनुकूल बुनियादी ढांचे में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। दौरे के बाद सोशल मीडिया पोस्ट में मोदी ने कहा, जल प्रबंधन ऐसा क्षेत्र है, जिसमें नीदरलैंड ने ऐतिहासिक काम किया है। पूरी दुनिया इससे बहुत कुछ सीख सकती है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, हम भारत में आधुनिक तकनीक लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे सिंचाई, बाढ़ से सुरक्षा और अंतर्देशीय जलमार्ग नेटवर्क के विस्तार में मदद मिलेगी।


# 'फलस्तीनी विस्थापन आज भी जारी है', ममदानी के 'नकबा दिवस' पर पोस्ट से भड़का यहूदी समुदाय

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में नकबा दिवस को लेकर लिखा, जिस पर विवाद हो गया है। यहूदी समुदाय ने इस पर आपत्ति जताई है। गौरतलब है कि न्यूयॉर्क में यहूदी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं।

न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी अपने एक पोस्ट को लेकर विवादों में घिर गए हैं। दरअसल उन्होंने अपने आधिकारिक प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हुए 'नकबा' की याद में एक विवादित वीडियो पोस्ट किया। मेयर के इस पोस्ट के बाद यहूदी संगठनों और स्थानीय नेताओं ने उनकी कड़ी आलोचना की। 'नकबा' एक अरबी शब्द है, जिसका अर्थ 'तबाही' होता है। इसका इस्तेमाल 1948 में इस्राइल की स्थापना और उससे जुड़े फलस्तीनियों के विस्थापन को संदर्भित करने के लिए किया जाता है।

ममदानी ने पोस्ट में क्या लिखा

न्यूयॉर्क मेयर ममदानी ने अपने



आधिकारिक सोशल मीडिया चैनलों पर जो वीडियो शेयर किया, उसमें न्यूयॉर्क की रहने वाली इनिया बुशनाक का इंटरव्यू शामिल है, जिन्हें ममदानी ने नकबा सर्वाइवर बताया। वीडियो में बुशनाक 1948 के युद्ध के दौरान अपने परिवार के यरुशलम छोड़ने के बारे में बताती हैं। उनका दावा है कि यहूदियों के यरुशलम आने के कारण उनके परिवार को वहां से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### यहूदी समुदान ने उठाए सवाल

वीडियो में अरब देशों द्वारा यूएन पार्टीशन प्लान को खारिज किए जाने या पड़ोसी अरब देशों की ओर से नवगठित यहूदी राष्ट्र के खिलाफ शुरू किए गए युद्ध का कोई जिक्र नहीं किया गया। न्यूयॉर्क के यहूदी समुदाय की ओर से मेयर ममदानी के इस पोस्ट पर तुरंत प्रतिक्रिया आने लगी। लोगों ने न केवल वीडियो में कथित ऐतिहासिक तथ्यों के तोड़-मरोड़ का आरोप लगाया, बल्कि इसके पोस्ट किए जाने के समय पर भी सवाल उठाए। मेयर कार्यालय ने शुक्रवार शाम 5 :40 बजे यह वीडियो पोस्ट किया। यह वीडियो यहूदी समुदाय के शबात मनाने से ठीक कुछ देर पहले अपलोड की गई।

वीडियो के साथ ममदानी की पोस्ट में लिखा था, 'आज नकबा डे है, जो 1947 से 1949 के बीच इस्राइल के गठन और उसके बाद 7 लाख से ज्यादा फलस्तीनियों के विस्थापन की याद में मनाया जाने वाला वार्षिक दिन है।' वहीं, ममदानी द्वारा शेयर किए गए वीडियो में दावा किया गया कि यहूदी मिलिशिया ने 400 से ज्यादा गांवों को तबाह कर दिया और बड़े पैमाने पर हत्याएं कीं। वीडियो के आखिर में लिखा था, 'फलस्तीनियों के लिए उनका विस्थापन और नकबा आज भी जारी है।'

न्यूयॉर्क के यूजेए-फेडरेशन ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'आपने इसे पोस्ट करने के लिए शुक्रवार शाम 5:40 बजे का समय चुना, जब न्यूयॉर्क के यहूदी लोग शबात की मोमबत्तियां जलाने की तैयारी कर रहे थे। हमने इसे देखा।' हालांकि, ममदानी की ओर से इस तरह की प्रतिक्रिया पहली बार सामने नहीं आई है। इससे पहले भी वह इस्राइल के खिलाफ और फलस्तीन के समर्थन में बयान दे चुके हैं।

## पाकिस्तान के साथ बढ़ती नजदीकीः बांग्लादेशी अफसर अब लाहौर में प्रशिक्षण लेंगे

**ढाका।** बांग्लादेश ने अपने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए भारत के मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी की जगह अब पाकिस्तान के लाहौर को चुना है। इसे भारत-बांग्लादेश संबंधों में आई दूरी और पाकिस्तान के साथ बढ़ती नजदीकी के रूप में देखा जा रहा है। बांग्लादेश के 12 वरिष्ठ अधिकारी इन दिनों लाहौर स्थित सिविल सर्विसेज एकेडमी में चार से 21 मई तक प्रशिक्षण ले रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच इस तरह का यह पहला व्यवस्थित प्रशिक्षण कार्यक्रम है। बताया गया है कि प्रशिक्षण लेने वालों में एक अतिरिक्त सचिव और 11 संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी शामिल हैं। इस कार्यक्रम का पूरा खर्च पाकिस्तान सरकार उठा रही है और इसमें बांग्लादेश सरकार की कोई आर्थिक भागीदारी नहीं है। गौर हो कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के हटने के बाद बांग्लादेश-पाकिस्तान संबंध तेजी से मजबूत हुए हैं व कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा है।

# विश्वविद्यालयों में छात्र संघों पर प्रतिबंध के खिलाफ राजधानी में व्यापक प्रदर्शन

**काठमांडो।** विश्वविद्यालयों में छात्र संघ पर प्रतिबंध के खिलाफ बड़ी संख्या में छात्रों ने नेपाल की राजधानी काठमांडो में प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री बलेंद्र शाह के नेतृत्व वाली सरकार ने हाल ही में 100 सूत्री कार्य योजना की घोषणा की है, जिसके तहत विश्वविद्यालयों में छात्र संघों के कामकाज पर रोक लगा दी गई है। सरकार का कहना है कि शिक्षण संस्थानों को राजनीतिक दलों के औजार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने छात्र संघों पर प्रतिबंध का विरोध करें जैसे नारे लगाते हुए सरकार के इस कदम



की आलोचना की। नेपाली छात्रों के 62वें छात्र दिवस के अवसर पर आयोजित यह प्रदर्शन त्रिचंद्र कैंपस से शुरू होकर काठमांडो के आरआर कैंपस में समाप्त हुआ। प्रदर्शनकारियों ने विश्वविद्यालय की स्वायत्तता की रक्षा, छात्रों के अधिकारों की गारंटी और संगठन बनाने की स्वतंत्रता के संरक्षण की मांग करते हुए नारे भी लगाए। नेपाल छात्र संघ, अखिल नेपाल स्वतंत्र छात्र संघ और अन्य समूहों ने इसमें हिस्सा लिया।

### रवांडा नरसंहार के संदिग्ध फेलिसियन काबुगा की हिरासत में मौत

**नई दिल्ली।** रवांडा नरसंहार के संदिग्ध फेलिसियन काबुगा की 91 साल की आयु में मौत हो गई। काबुगा की मृत्यु नीदरलैंड के हेग में अस्पताल में हिरासत के दौरान हुई। संयुक्त राष्ट्र की एक अदालत ने शनिवार को बताया कि 91 वर्षीय काबुगा पर 1994 के नरसंहार में तुत्सी अल्पसंख्यक के सामूहिक नरसंहार को बढ़ावा देने और आर्थिक मदद मुहैया कराने का आरोप था। एक अनुमान के मुताबिक इस नरसंहार में आठ लाख लोग मारे गए थे। काबुगा पर मुकदमा 2022 में शुरू हुआ था। 2023 में, न्यायाधीशों ने उसे डिमेंशिया के कारण मुकदमा चलाने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था।

### इतालवी शहर में चालक ने पैदल यात्रियों को रौंदा, आठ घायल, चार गंभीर

**नई दिल्ली।** उत्तरी इतालवी शहर मोडेना में शनिवार को एक चालक ने पैदल यात्रियों को रौंद दिया। इस घटना में आठ लोग घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में कोई मौत नहीं हुई। महापौर मास्सिमो मेजेटी के अनुसार, एक महिला दुकान की खिड़की से दब गई, जिसके दोनों पैर काटने पड़े। 31 वर्षीय चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अधिकारी जांच कर रहे हैं कि उसने नशे में या जानबूझकर यह कृत्य किया।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

## इस्कॉन में भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया नौका महोत्सव

# समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अभिषेक मिश्रा एवं प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने की मंगला आरती

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर स्थित श्रीकृष्ण भक्ति केंद्र इस्कॉन मंदिर में आयोजित नौका महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में धूमधाम से संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण राधे-कृष्ण के जयकारों व भजन-कीर्तन से भक्तिमय हो उठा। महोत्सव में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अभिषेक मिश्रा एवं प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना कर मंगला आरती में सहभागिता की, जिसमें प्रदेश और देश में सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। मंदिर में आयोजित नौका विहार लीला श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। भगवान श्रीकृष्ण एवं राधारानी की मनमोहक झांकी को सुंदर ढंग से सजाई गई नौका में विराजमान किया गया, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। भक्तों ने भक्ति भाव के साथ दर्शन किए और भगवान के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान संपूर्ण मंदिर परिसर हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन और मंत्रोच्चार से भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती में भाग लेकर आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया। इसके साथ ही छप्पन भोग अर्पित कर महाप्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



महोत्सव में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी वर्ग तथा स्थानीय श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि नौका महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति और श्रीकृष्ण भक्ति को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। इस प्रकार के आयोजन लोगों को अध्यात्म, प्रेम और सेवा के मार्ग से जोड़ने का कार्य करते हैं। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि नौका महोत्सव वृंदावन की दिव्य लीलाओं की अनुभूति कराने वाला विशेष धार्मिक उत्सव है, जिसमें भक्त भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी आस्था और प्रेम प्रकट करते हैं। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और भक्ति भाव देखने को मिला।

# पार्षद धीरज अग्रवाल ने किया जैन मंदिर रोड का उद्घाटन, स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के स्थित जैन मंदिर वाली मुख्य सड़क का उद्घाटन वार्ड 81 के पार्षद धीरज अग्रवाल द्वारा किया गया। इस नई सड़क के बनने से स्थानीय निवासियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। उद्घाटन समारोह के इस विशेष अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में जैन मंदिर समिति के सम्मानित सदस्यगणों के साथ ही वार्ड 99 की पार्षद प्रीति जैन व पूर्व पार्षद अभिनव जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने फीता काटकर सड़क को आम जनता के लिए समर्पित किया।

इस दौरान क्षेत्र के सम्मानित निवासियों ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाया। स्थानीय लोगों ने पार्षद और जनप्रतिनिधियों का आभार जताते हुए कहा कि इस सड़क के निर्माण से लंबे समय से चली आ रही जाम और जर्जर मार्ग की समस्या दूर होगी।



पार्षद धीरज अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र के चहुंमुखी विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए भाजपा के जनप्रतिनिधि निरंतर कार्य कर रहे हैं। इंदिरापुरम मंडल भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी धीरज शर्मा ने जनसुविधाओं के लिए समर्पित सभी जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद व्यक्त किया।

# समाजसेवी अजय गुप्ता के सौजन्य से कविनगर थाने में लगा वाटर कूलर

## एसीपी सूर्य बली मौर्य एवं थाना प्रभारी अनुराग शर्मा ने किया उद्घाटन







### समाजसेवी अजय गुप्ता ने कहा कि पुलिसकर्मी दिन-रात जनता की सुरक्षा में लगे रहते हैं

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भीषण गर्मी को देखते हुए समाजसेवी एवं व्यापारी नेता अजय गुप्ता के सौजन्य से कवि नगर थाने में आमजन एवं पुलिसकर्मियों की सुविधा के लिए वाटर कूलर स्थापित कराया गया। शनिवार को आयोजित एक सादे समारोह में एसीपी कविनगर सूर्य बली मौर्य एवं थाना अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने फीता काटकर वाटर कूलर का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर एसीपी सूर्य बली मौर्य ने कहा कि गर्मी के मौसम में शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की व्यवस्था बेहद आवश्यक है। उन्होंने समाजसेवी अजय गुप्ता द्वारा किए गए इस जनहित कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और लोगों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति प्रेरित करते हैं।

समाजसेवी अजय गुप्ता ने कहा कि पुलिसकर्मी दिन-रात जनता की सुरक्षा में लगे रहते हैं। ऐसे में उनके लिए मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करना समाज का दायित्व है। उन्होंने बताया कि वाटर कूलर से थाने में आने वाले फरियादियों एवं पुलिस स्टाफ दोनों को राहत मिलेगी।

इस दौरान थाना प्रभारी अनुराग शर्मा सहित पुलिस विभाग के अधिकारी, एवं समाजसेवी वी-के-अग्रवाल व्यापारी राकेश स्वामी, संजीव मित्तल, डीके मित्तल, भटनागरजी और सतीश कुमार एवं गणमान्य लोग एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इस मौके पर लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया एसीपी सूर्यवली मौर्य एवं थाना प्रभारी अनुराग शर्मा ने समाजसेवी अजय गुप्ता के साथ-साथ सभी को धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त किया कि भविष्य में भी आप ऐसे ही समाज सेवा में लग रहे।

# वसुंधरा में निशुल्क स्वास्थ्य एवं फिजियोथेरेपी कैंप आयोजित, लोगों ने उठाया लाभ

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 5 में सहयोग ट्रस्ट और ओस्टर फिजियोकेयर के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क मेडिकल हेल्थ चेकअप एवं फिजियोथेरेपी कैंप का आयोजन किया गया। चेयरमैन निशी त्यागी ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का स्वागत किया।

ओस्टर फिजियोकेयर के कंसल्टेंट फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. कार्तिक शर्मा ने लोगों को स्वास्थ्य और फिजियोथेरेपी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज की जीवनशैली में कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटनों की समस्या और शरीर में जकड़न जैसी परेशानियों में फिजियोथेरेपी बेहद लाभकारी है। उन्होंने सभी को नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।






कैंप में पूर्व महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, डॉ. उदीता त्यागी, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, पार्षद सतेंद्र चौधरी, डॉ. बी.के. शर्मा, गौरिश बंसल, अनुराग मिश्रा, मुकेश अग्रवाल, कादंबरी कौशिक, सीता वर्मा, मोनिका गुप्ता, बबीता मित्तल, संतोष, अनीकेत मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# व्यापारी से 6 लाख की लूट का 12 घंटे में खुलासा, मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना मुरादनगर क्षेत्र में पुलिस ने व्यापारी से हुई 6 लाख रुपये की लूट की वारदात का महज 12 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से लूट की पूरी रकम, लैपटॉप, घटना में प्रयुक्त बाइक और अवैध हथियार बरामद किए गए हैं।

एसीपी कार्यवाहक मुरादनगर भास्कर वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरठ निवासी मौ. सावेज सैफी ने थाना मुरादनगर में शिकायत दर्ज कराई थी कि देर रात पाइपलाइन रोड पर बाइक सवार बदमाशों ने उनकी महिंद्रा पिकअप को रोककर चालक के साथ मारपीट की और 6 लाख रुपये व लैपटॉप से भरा बैग लूटकर फरार हो गए थे। घटना के बाद पुलिस टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। शनिवार को खुर्रमपुर रोड पर चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पीछा करने पर उनकी बाइक फिसल गई, जिसके बाद दोनों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश घायल हो गए और उन्हें मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अर्शलान व लखन कश्यप के रूप में हुई है।



पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सावेज सैफी की फैक्ट्री में काम करते थे और उन्हें जानकारी थी कि फैक्ट्री मालिक दिल्ली से नकदी लेकर लौटते हैं। इसी आधार पर उन्होंने लूट की योजना बनाई थी। पुलिस के अनुसार मामले में नितिन यादव और इरशाद नामक अन्य लोगों की भूमिका भी सामने आई है, जिनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6 लाख रुपये नकद, एक लैपटॉप, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, दो अवैध तमंचे, दो जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में कई थाना प्रभारियों के तबादले

**नोएडा (करंट क्राइम)।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा प्रशासनिक आवश्यकताओं एवं जनहित के कार्यों को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कई थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है।



पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार थाना फेस-3 के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह को प्रभारी निरीक्षक थाना दनकौर नियुक्त किया गया है। वहीं निरीक्षक नीरज कुमार मिश्रा को प्रभारी निरीक्षक एसओजी से स्थानांतरित कर प्रभारी निरीक्षक थाना दादरी बनाया गया है। इसके अलावा निरीक्षक मुनेन्द्र सिंह को थाना दनकौर से प्रभारी निरीक्षक थाना बिसरख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा को थाना बिसरख से प्रभारी निरीक्षक थाना जेवर एयरपोर्ट नियुक्त किया गया है।

इसी क्रम में निरीक्षक सुभाष चन्द्र को पुलिस लाइन से स्थानांतरित कर प्रभारी निरीक्षक थाना फेस-3, सेंट्रल नोएडा बनाया गया है। पुलिस विभाग द्वारा किए गए इन तबादलों को प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



शोक!सन्देश

आपको बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता है
हमारी पूजनीय माताजी
स्व0 श्रीमती ऊषा चौधरी
पत्नी श्री अशोक चौधरी
अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके दिनांक गुरूवार 07 मई 2026 को
प्रभु चरणों में लीन हो गयी है। उनकी आत्मिक शांति के लिए
शांति हवन प्रात : 9:00 बजे (निवास स्थान) 9/228, सैक्टर-3, राजेन्द्र नगर साहिबाबाद
श्रद्धांजलि सभा एवं ब्रह्मभोज
दिनांक 18/05/2026 दिन सोमवार
समय : 12:00 बजे
स्थान : गोल्डन कास्टल पार्टी लॉन
साहिबाबाद गॉव बस डिपो के सामने, साहिबाबाद
!! :: शोकाकुल परिवार :: !!
लक्ष्मी नारायण चौधरी (कैबिनेट मंत्री उ0प्र), अशोक चौधरी (पति)
सतीश चौधरी (देवर), अनिल चौधरी (देवर), सचिन चौधरी (पुत्र)
संदीप चौधरी (पुत्र) आकाश चौधरी (भतीजा) अशवन चौधरी (भतीजा)
शिवम चौधरी (भतीजा), सत्यम चौधरी (भतीजा), जयवर्धन चौधरी (पौत्र)
मो0 9810397384 | 9312368099 | 9810922738 | 7042199029

## ट्रांसफार्मरों पर बढ़ा लोड, घंटों गुल हो रही बिजली

# मकनपुर, कौशांबी, प्रहलादगढ़ी समेत कई इलाकों में बढ़ी परेशानी

# ओवरलोड के कारण दिन में ट्रिपिंग, रात में लंबे कट



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गर्मी बढ़ते ही साहिबाबाद क्षेत्र में बिजली संकट गहरा गया है। इंदिरापुरम, मकनपुर, वसुंधरा कौशांबी, भोपुरा प्रहलादगढ़ी, कृष्ण विहार कुटी, वैशाली और आसपास की कई कॉलोनियों में 11 केवी और 33 केवी डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मरों पर लोड बढ़ने से बार-बार ट्रिपिंग हो रही है। रोजाना लोगों को कई घंटे की बिजली कटौती झेलनी पड़ रही है। साहिबाबाद क्षेत्र नो ट्रिपिंग जोन में आता है, लेकिन ओवरलोडिंग के कारण यहां भी लगातार ट्रिपिंग की समस्या बनी हुई है। भोपुरा समेत अन्य इलाकों में 33 केवी फेल होने से लोग परेशान हैं।



**जितेंद्र सैन का कहना है कि** दोपहर और शाम के समय समस्या सबसे ज्यादा बढ़ जाती है। ओवरलोडिंग से दिन में कई बार बिजली गुल हो रही है, वहीं रात में भी लंबे कट लगने से दिक्कतें बढ़ गई हैं। बिजली आने-जाने से घरों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के खराब होने का खतरा बना हुआ है।



**इंदिरापुरम निवासी किशोर ठाकुर ने बताया कि** रविवार सुबह 6 बजे से ही बिजली ट्रिपिंग शुरू हो गई। एक घंटे में 3-4 बार बिजली गुल हुई।



**भोपुरा निवासी डब्बी पहलवान ने कहा कि** गर्मी में हर साल यही समस्या होती है। नए कनेक्शन लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन ट्रांसफार्मरों की क्षमता नहीं बढ़ी। रविवार को इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, इंदिरापुरम, वसुंधरा, वैशाली, भोपुरा, शालीमार गार्डन, कौशांबी और प्रहलादगढ़ी समेत सात इलाकों में करीब 4 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही।



**वसुंधरा निवासी चरनजीत सिंह ने बताया कि** हफ्ते भर से रोज कई बार सुबह 5 से 6 बजे और दोपहर 2 से 4 बजे तक बिजली गुल रही। अंकुर विहार में भी करीब कई घंटे बिजली नहीं आई। सोशल मीडिया पर लोगों ने रोष जाहिर किया।

मुख्य अभियंता, जोन-3, विद्युत निगम बृजेश कुमार ने कहा, कुछ इलाकों में खाली प्लॉटों पर अब मकान बन गए हैं, जिससे ट्रांसफार्मरों पर भार बढ़ गया है। क्षमता बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है, जल्द समाधान होगा।

# 600 साधकों ने लिया प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** मुरादनगर स्थित छोटा हरिद्वार गंग नहर तट पर अखिल भारतीय योग संस्थान की ओर से वार्षिक मिट्टी लेपन और गंगा स्नान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करीब 600 योग साधकों ने हिस्सा लिया और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति का अनुभव किया। आयोजन का उद्देश्य लोगों को योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के दौरान साधकों ने आयुर्वेदिक मिट्टी लेपन किया। इस विशेष लेप को तैयार करने के लिए मुल्तानी मिट्टी, गिलोय, एलोवेरा, चंदन, कच्ची हल्दी, केवड़ा और गुलाब जल जैसी प्राकृतिक सामग्रियों का इस्तेमाल किया गया। योग साधकों ने पूरे शरीर पर मिट्टी का लेप लगाकर प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ लिया।


गंगा स्नान से मिली मानसिक शांति
मिट्टी लेपन के बाद सभी साधकों ने गंग नहर में गंगा स्नान किया। प्रतिभागियों ने बताया कि मिट्टी लेपन से शरीर को ठंडक और आराम मिलता है, जबकि गंगा स्नान से मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है।

# इंदिरापुरम में नाला निर्माण में देरी, सीवर का पानी भरने से रुका काम, लोगों को आवाजाही में दिक्कत

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में जल निकासी व्यवस्था सुधारने के लिए नगर निगम द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण में विभागों के बीच समन्वय की कमी आड़े आ रही है। निर्माण विभाग और जलकल विभाग के तालमेल न होने से कई स्थानों पर पिछले करीब एक माह से काम बंद पड़ा है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

न्याय खंड निवासी प्रमोद तिवारी ने बताया कि न्यायखंड, अभयखंड, ज्ञानखंड, शक्ति खंड समेत विभिन्न इलाकों में जल निकासी बेहतर करने के लिए नगर निगम पिछले एक साल से नाले बना रहा है। कई जगह काम पूरा हो चुका है, लेकिन अभयखंड और न्यायखंड में निर्माण कार्य करीब छह माह से चल रहा है और अब तक पूरा नहीं हो सका है। निर्माण विभाग ने नाले की खुदाई तो कर दी है, लेकिन सीवर का पानी बार-बार नाले में जमा होने से आगे का काम नहीं हो पा रहा है। घरों के बाहर नाले खुले होने से लोगों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है। लोग नाले पर तख्त रखकर घर से बाहर-अंदर आ-जा रहे हैं।





शनिवार को एक बुजुर्ग महिला नाला पार करते समय संतुलन बिगड़ने से गिर गई। निर्माण विभाग के अवर अभियंता संजय गंगवार का कहना है कि सीवर ओवरफ्लो होने से खोदे गए नाले में रोजाना पानी भर जाता है, इसलिए निर्माण कराना संभव नहीं हो पा रहा है। पानी निकलवाने के लिए कई बार जलकल विभाग को शिकायत की गई, लेकिन समाधान नहीं हुआ।